
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी





इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली .......

कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स...

वर्ष : 12 | अंक : 95 | लखनऊ, 29 मार्च, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### तत्कालीन डीआईजी पर हमला, 16 को उम्रकैद



**मुरादाबाद।** यहां के बहुचर्चित 15 साल पुराने मैनाठेर कांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तत्कालीन डीआईजी पर जानलेवा हमले में दोषी करार दिए गए 16 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शनिवार को एडीजे-दो कृष्ण कुमार की अदालत ने यह आदेश दिया। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### आरजीआईटी यूनिवर्सिटी फर्जी, डिग्री अमान्य



**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने शनिवार को देशभर में चल रही फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची में एक यूनिवर्सिटी का नाम और जोड़ दिया। यूजीसी ने राजस्थान के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट संस्थान को नकली यूनिवर्सिटी की लिस्ट में डाल दिया है। यह अलवर में है। यूजीसी ने नोटिफिकेशन दिया है।

### राम मंदिर में 2 अप्रैल को ध्वजारोहण करेंगे 'बजरंगी'



**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में राम मंदिर के परकोटा स्थित हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसकी अगुवाई 'बजरंगी' के नाम से विख्यात विनय कटियार करेंगे। सभी पूर्व संयोजक, 50 साधु-संत व 200 मेहमान होंगे।

### नबीन व नीतीश 10 को लेंगे राज्यसभा की शपथ



**नई दिल्ली।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ लेंगे। शिवेश राम, रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा भी शपथ लेंगे। चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को 30 मार्च तक बिहार विधानमंडल की सदस्यता छोड़नी होगी।

### पीएम मोदी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण किया

# यूपी अब सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला राज्य बना, हर 2 मिनट में उड़ेंगे विमान



दिल्ली-एनसीआर वालों के लिए शनिवार बेहद खास रहा, क्योंकि उन्हें जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात मिल गई है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन कर दिया है। ये हवाई अड्डा चार चरणों में पूरा होगा और इसे पूरा होने में लगभग 2050 तक का समय लग सकता है।

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इस एयरपोर्ट की नींव 25 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री ने ही रखी थी। लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि युवाओं को पता है कि यह जो काम हो रहा है, यह नौजवानों के भविष्य को नई उड़ान देने वाला काम है। आज हम विकसित यूपी, विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा प्रदेश आज सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट(5) वाले राज्यों में से एक है। आज मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं। जिसमें पहला, इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है। दूसरा, जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है।

**देशवासियों के सहयोग की सराहना की**

यह एशिया का सबसे बड़ा, दुनिया का चौथा बड़ा एयरपोर्ट

### मैंने ही किया था शिलान्यास और अब यह सौभाग्य भी मुझे मिला



रिमोट से एयरपोर्ट का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी

### पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों से की अपील

पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया संकट को लेकर कहा, 140 करोड़ देशवासी कड़े से कड़ा परिश्रम करें और वैश्विक संकट का एकजुट होकर सामना करें। हमें शांत मन से, धैर्य और एकजुटता के साथ मिल-जुलकर इस संकट का सामना करना है। यह पूरे विश्व में परेशानी पैदा करने वाला संकट है, हमें अपने देश की सबसे ज्यादा चिंता करनी है, और यही हम भारतीयों की सबसे बड़ी ताकत है।

### सेमीकंडक्टर फैक्टरी भारत को तकनीकी में आगे बढ़ा रही

पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर फैक्टरी भारत को तकनीकी में आगे बढ़ा रही है। मेरठ मेट्रो और नमो भारत रेल तेज और स्मार्ट कनेक्टिविटी दे रही है और यह हमारा जेवर एयरपोर्ट, पूरे उत्तर भारत को दुनिया से जोड़ रहा है।

### संकट के समय में भी भारत ने तेज विकास निरंतर जारी रखा

पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई देशों में खाने-पीने का सामान, पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद जैसी कई जरूरी चीजों का चारों तरफ संकट पैदा हो गया है। हर देश इस संकट का सामना करने की कोशिश कर रहा है, और हमारा भारत भी पूरी शक्ति से इसका मुकाबला कर रहा है। देशवासियों की ताकत के भरोसे कर रहा है।

**सपा और कांग्रेस पर बोला हमला 10 वर्ष फाइलों में दबा रहा अड्डा**

पीएम मोदी ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा, 2004 से 2014 तक, यह हवाई अड्डा फाइलों में दबा रहा। फिर सपा सरकार ने काम को आगे नहीं बढ़ने दिया। आज यह आपके सामने हैं।

**पहले सत्ताधारी यहां आने से डरते थे**

पीएम ने कह कि नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण छोड़ दिया गया था, कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। जब यहां सपा सरकार थी, मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया, तो मुख्यमंत्री इतने डरे हुए थे कि वे उस कार्यक्रम में नहीं आए। मुझे भी डराने की कोशिश की गई।

### अयोध्या के राजघाट में महायज्ञ

# अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग से मची अफरा-तफरी



आग ने सब कुछ खाक कर दिया

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

यहां के राजघाट में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, स्वामी जी महाराज के द्वारा कराया जा रहा है। महायज्ञ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में कराया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की रेस्क्यू टीम मौके पर मौजूद हैं और रेस्क्यू में जुटी हैं। मौके पर दमकल की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की मशक्कत की। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ राजघाट बाटी वाले बाबा घाट के निकट चल रहा था तभी आग लग गई। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह भी मौजूद थे।

### अंतिम आहुति से पहले ही लग गई आग

उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा आयोजित इस महायज्ञ का आज सातवां और आखिरी दिन था। शाम 6:00 बजे पूर्णाहुति और अंतिम आहुति का कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन दोपहर में अचानक उठी चिंगारी ने देखते ही देखते पूरी यज्ञशाला को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### मंत्री बोले- किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई



मंत्री दयाशंकर ने कहा कि सबसे बड़ी संतोष की बात यह है कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रशासन की ओर से टेक्निकल टीम को जांच के लिए लगाया जाएगा ताकि वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके।

### अखिलेश ने कहा- यह प्रशासन की कमी



सपा सुप्रीमो अकिलेश यादव ने कहा कि आग सही प्रबंधन-प्रशासन की कमी को दर्शाती है। आशा है सब सुरक्षित होंगे। इस बात की जांच हो कि इस यज्ञ की व्यवस्था के पीछे जो आर्थिक और मानवीय स्रोत लगे थे, उनके पीछे कौन था। यज्ञ के नाम पर मंत्री जी से संबंधित विभाग से विभागीय स्तर पर बड़ी वसूली हुई और विशेषज्ञों की देखरेख के बिना ही ये आयोजन हुआ।

### ओडिशा में दर्दनाक हादसा

# नयागढ़ में टूरिस्ट बस पलटी 5 यात्रियों की मौत, 10 जख्मी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



ओडिशा में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे और तेज तूफान ने मिलकर तबाही मचा दी। नयागढ़ जिले में एक टूरिस्ट बस के पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। मयूरभंज और पुरी जिलों में आए तेज आंधी-तूफान के कारण तीन लोगों की जान चली गई।

### तेज रफ्तार बनी वजह

यह हादसा रात करीब 2 बजे हनुमान घाटी रोड पर दासपल्ला इलाके में हुआ, जब 55 यात्रियों से भरी बस मोड़ लेते समय पलट गई। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। मृतकों की पहचान हरी पात्रा, लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, सुमति और चालक प्रवीण कुमार साहू के रूप में हुई है, जो सभी बरहामपुर के निवासी थे। घायलों को तुरंत बचाव दल ने बाहर निकालकर दासपल्ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### दुष्कर्म में मदद के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया अहम फैसला

# मददगार महिला को 10 साल का सश्रम कारावास

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

दुष्कर्म में सहायता करने के आरोप में एक महिला को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने सजा में नरमी न बरतने का मुख्य कारण आपराधिक गतिविधियों में उसकी निरंतर संलिप्तता को बताया है। महिला के बरी के ट्रायल कोर्ट के निर्णय के खिलाफ पुलिस की अपील याचिका पर कोर्ट ने माना कि दोषी ने अपराध में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अदालत ने पाया कि उसने पीड़िता को बहला-फुसलाकर बुलाया और दुष्कर्म के दौरान वहां मौजूद रही।

### पीड़िता को बहला-फुसलाकर बुलाया और मौजूद रही



### 70,000 का जुर्माना भी लगाया

अदालत ने महिला को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई और 70,000 का जुर्माना भी लगाया। निर्देश दिया कि पीड़िता को जुर्माना राशि में से 50,000 हजार मुआवजा के रूप में दिया जाए।

**कोर्ट ने यह भी कहा**

दोषी ने इस आधार पर नरमी बरतने की अपील की कि उसे लंबे समय तक चले मुकदमे का सामना करना पड़ा और वह लगभग नौ महीने तक हिरासत में रही। उसका एक 5वर्षीय बच्चा है जिसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। अदालत ने कहा कि अपराध के बाद भी दोषी का रवैये में सुधरा हुआ नहीं दिखा है। महिला इसके बाद भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रही है। महिला के खिलाफ हत्या के मामले में भी प्राथमिकी हुई थी और वह न्यायिक हिरासत में है।इससे पता चलता है कि एक घटना के बाद भी महिला आपराधिक वारदातों में शामिल रही।

सुप्रीम कोर्ट का सभी हाईकोर्ट को कड़े निर्देश जारी

### दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर न हो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए।

### पेंशन की नई व्यवस्था लागू होगी

# प्रदेश में अब राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन

**1 अप्रैल से होगा पेंशन केसों का निराकरण**

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

प्रदेश के पेंशनर्स के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत मप्र में राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल, भोपाल का गठन किया गया है। यह सेल 1 अप्रैल से प्रदेश के सभी जिलों में पेंशन प्रकरणों का निराकरण करेगा।

इसके लिए कार्य आवंटन भी कर दिया गया है। संचालनालय



फाइल फोटो

पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा मप्र (भोपाल) के संचालक के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया कि सभी शासकीय सेवक वर्तमान पदस्थापना स्थल से ही कार्य संपादित करेंगे। किसी भी समस्या के निराकरण के लिए अपने संभाग प्रभारी से समन्वय स्थापित करेंगे।

### सार्वजनिक अवकाश घोषित करना सरकार का नीतिगत निर्णय

गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व अवकाश याचिका खारिज

# कोर्ट ने कहा- धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में सार्वजनिक अवकाश की मांग शामिल नहीं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की मांग पर महत्वपूर्ण फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत मिले धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में किसी धार्मिक अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग करने का अधिकार शामिल नहीं है। सार्वजनिक अवकाश घोषित करना सरकार का नीतिगत निर्णय है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि विकासशील राष्ट्र के तौर पर भारत को उत्पादकता और काम की निरंतरता को प्राथमिकता देनी



फाइल फोटो

चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती (प्रकाश पर्व) को पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश (राजपत्रित अवकाश) घोषित करने की मांग खारिज कर दी। इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने कहा कि सिख धर्म के सिद्धांत स्मरण, ईमानदार श्रम और निःस्वार्थ सेवा पर विशेष बल देते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन साहस, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। गुरु गोविंद सिंह जी के प्रति अगाध सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करते हुए कोर्ट ने कहा कि उनका जीवन न्याय और सांसारिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए एक अथक संघर्ष था। इस परिप्रेक्ष्य में, उनकी विरासत का सम्मान करने का सबसे उत्तम तरीका शायद यह है कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया जाए, न कि केवल श्रद्धा की मांग करके सम्मान का कोई प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया जाए।

### महावीर जयंती पर कब रहेगी छुट्टी? विधायक ने लिखा पत्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महावीर जंयती के शासकीय अवकाश की तारीख को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। जैन समाज की धार्मिक मान्यताओं और पंचांग का हवाला देते हुए अब सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ओर के विधायकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर अवकाश की तिथि में संशोधन की मांग की है। विधायकों का कहना है कि सरकारी कैलेंडर में दर्ज 31 मार्च के बजाए भगवान महावीर का जन्म कल्याणक 30 मार्च को मनाया जाएगा, इसलिए सार्वजनिक छुट्टी सोमवार, 30 मार्च को ही घोषित की जानी चाहिए। फिलहाल, मुख्य सचिव कार्यालय इस मामले में अलग-अलग सुझावों पर विचार कर रहा है। पृथ्वीपुर से कांग्रेस विधायक नितेंद्र बृजेंद्र सिंह राठौर ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आग्रह किया है कि जनभावनाओं और जैन धर्म की परंपराओं को देखते हुए रातपत्र में आंशिक संशोधन किया जाए।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काकोरी क्षेत्र के अमौसी आउटर रिंग रोड पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से हुआ। पुलिस के अनुसार, चकौली गांव निवासी अरुण अपने भाई रोहन लोधी और गांव के ही विशाल लोधी के साथ बाइक से सिटी मॉल खटोला ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान चकौली से अमौसी आउटर रिंग रोड पर उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि अभी तक मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्राकृतिक खेती से समृद्धि की ओर बढ़ते किसान: तेग बहादुर सिंह

### रुसेना ग्राम पंचायत में एक दिवसीय प्रशिक्षण, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने बढ़ाया उत्साह

अमन लेखनी समाचार



किसानों को जानकारी देते जिला कृषि अधिकारी

लखनऊ। खेती को लाभकारी, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में शनिवार को मलिहाबाद विकास खंड की रुसेना ग्राम पंचायत में एक अनूठी पहल देखने को मिली। शनिवार को नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के ऐसे गुर सिखाए गए, जो न केवल उनकी लागत घटाएंगे बल्कि उत्पादन में भी वृद्धि करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने पारंपरिक रासायनिक खेती से हटकर प्राकृतिक तरीकों को अपनाने की जानकारी ली। विशेषज्ञों ने खेत-खलिहान से जुड़े व्यावहारिक उदाहरणों के साथ जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र और दशपर्णी अर्क तैयार करने की विधियों का प्रशिक्षण दिया। इन तकनीकों के जरिए मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए बेहतर उत्पादन संभव बताया गया। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है। इससे जहां एक ओर किसानों की आय में इजाफा होगा, वहीं मिट्टी की सेहत सुधरेगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक और आर्थिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से न सिर्फ मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, बल्कि पर्यावरण और लाभकारी कीटों पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इस प्रशिक्षण की खास बात महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कृषि सखियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेकर यह साबित किया कि खेती-किसानी में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, क्लस्टर के किसानों और कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी रही। अंत में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि भविष्य में खेती को अधिक टिकाऊ, सुरक्षित और लाभकारी बनाया जा सके।

# लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के एक हिस्सा चालू

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर क्षेत्र में शनिवार को लखनऊझकानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को अनौपचारिक रूप से चालू कर दिया गया। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों का आवागमन शुरू होते ही वाहन फरार्टा भरते नजर आए। इसके चलते नीचे स्थित कानपुर रोड पर अचानक यातायात काफी कम हो गया और सन्नाटा जैसा माहौल दिखा। बताते हैं कि स्कूटर इंडिया चौराहे के पास एलिवेटेड रोड को जोड़ने के लिए लगाए गए गर्डर को हटाने का कार्य शनिवार को चल रहा था। इस दौरान नीचे सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था। ऐसे में निर्माण एजेंसी पीएनसी के अधिकारियों ने अस्थायी रूप से एलिवेटेड रोड का यह हिस्सा यातायात के लिए खोलने का निर्णय लिया। शाम करीब चार बजे के बाद सरोजनी नगर थाने के पास से एक ओर तथा स्कूटर इंडिया पेट्रोल पंप के पास से दूसरी ओर एलिवेटेड मार्ग पर वाहनों को जाने की अनुमति दे दी गई। इसके बाद अधिकांश वाहन ऊपर से गुजरने लगे, जिससे नीचे कानपुर रोड पर केवल इक्का-दुक्का वाहन ही दिखाई दिए। एलिवेटेड मार्ग के चालू होने से जहां निर्माण कार्य में तेजी आई है, वहीं स्थानीय लोगों में इस परियोजना को लेकर उत्साह भी देखा जा रहा है। चर्चा है कि अप्रैल माह की शुरूआत में प्रधानमंत्री द्वारा लखनऊझकानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का औपचारिक उद्घाटन किया जा सकता है। हालांकि उससे पहले ही इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

## जागरण के दौरान दो पक्षों में विवाद, धारदार हथियार से हमला, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात जागरण के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ युवकों ने दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। बंथरा गाँव निवासी विक्की सिंह चौहान उर्फ सुरेन्द्र सिंह चौहान के मुताबिक वह अपने मित्र विशेष सैनी के साथ 27 मार्च शुक्रवार रात गांव से कुछ दूर उम्मेद खेड़ा स्थित आनंदी माता मंदिर में जागरण देखने गये थे। तभी वहां मौजूद तरुण दूबे, संदीप लोधी और यश मिश्रा से दो दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि देखते ही देखते मामला बढ़ गया और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में विक्की सिंह चौहान और उसके मित्र विशेष सैनी को चोटिल हो गए। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## कार के पार्ट्स चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार, चोरी का समान बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में कार पार्ट्स चोरी करने वाले दो युवकों को लोगों ने सीसीटीवी कैमरों के सहारे धर दबोचा। बाद में दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। उनके कब्जे से चोरी का काफी सामान भी बरामद हुआ है। सरोजनी नगर के रहिमाबाद स्थित शराफत नगर कॉलोनी निवासी रामवृक्ष यादव (बबलू) के मुताबिक वह ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर 2 के सामने प्राथमिक विद्यालय के बगल बबलू मोटर्स नाम से गैराज चलाते हैं। रामवृक्ष का कहना है कि उनके गैराज से 17 मार्च 2026 को अलग-अलग गाड़ियों के हेड, ब्लॉक, ऑयल पंप, चेंबर सहित अन्य पार्ट्स चोरी हो गए थे। काफी तलाश के बावजूद सामान का सुराग नहीं लग पाया था। उनका कहना है कि 25 मार्च को दानिश के वाहन से भी मोटर पार्ट्स चोरी हो गए थे, जबकि इससे पहले महेंद्र प्रताप (रिंकू) त्रिवेदी की कबाड़ी दुकान से भी काफी सामान चोरी हो चुका है। रामवृक्ष का कहना है कि एक दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध युवक की तस्वीर कैद हुई थी। इसी आधार पर खोजबीन के दौरान पता चला कि उक्त युवक बदालीखेड़ा क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद रामवृक्ष ने अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। जहाँ पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम साहिद खान उर्फ अब्दुल समर खान निवासी बेगमगंज, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी बताया और चोरी की घटनाओं में शामिल होना कबूल किया। आरोपी की निशानदेही पर अमन कश्यप निवासी गिनदनखेड़ा, नादरगंज स्थित कबाड़ी की दुकान से गाड़ियों के हेड, चेंबर, ऑयल पंप, टैपिट कवर, पिस्टन व गैस कटर रेगुलेटर सहित अन्य सामान बरामद किया गया। हालांकि कबाड़ी ने कुछ सामान अन्य लोगों को बेच देने की बात भी कबूल की है। इस पर पीड़ितों ने दोनों आरोपियों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने रामवृक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# रिचमंड फैलोशिप सोसाइटी को 10 लाख रुपये का CSR योगदान

### विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कार्यक्रम के दौरान ही पूरी की माँग

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा संकल्प: विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का 10 लाख रुपये का सहयोग**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सभागार में द रिचमण्ड फैलोशिप सोसाइटी (इंडिया), लखनऊ शाखा की ओर से ह्लमानसिक स्वास्थ्य, संबंधों में द्वंद्व एवं युवाह्व विषय पर एक सार्थक संवाद आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख व्यक्तियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि आज मानसिक स्वास्थ्य केवल चिकित्सीय विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुका है। साथ ही, इससे जुड़े सामाजिक कलंक (स्टिग्मा) के कारण लोग समय पर उपचार लेने में हिचकिचाते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि देश में 10% से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। इस अवसर पर उरफ फंड के माध्यम से संस्था को 10 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। अतिथियों ने संस्था की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। साथ ही, सरकार से आग्रह किया गया कि ऐसी संस्थाओं को वार्षिक सहयोग प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम में यह सुझाव भी दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद एवं भावनात्मक चुनौतियों पर आधारित एक संक्षिप्त पाठ्यक्रम तैयार कर उत्तर प्रदेश बोर्ड की कक्षा 10 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में शामिल किया जाए, ताकि 20झ25 लाख विद्यार्थी प्रारंभिक स्तर पर जागरूक हो सकें। संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तिका में मानसिक स्वास्थ्य पर उपयोगी लेख शामिल हैं, जिन्हें अतिथियों ने सराहते हुए कहा कि ये शिक्षण संस्थानों में वितरण हेतु लाभकारी साबित होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 1.75 लाख लोग आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं। अतिथियों ने इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए काउंसलिंग सेवाओं को सुदृढ़ करने और 247 मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन स्थापित करने पर जोर दिया। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में सभी शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे बच्चों को सीधे लाभ मिले। इसके अलावा, एक व्हाट्सएप समूह भी बनाया जाएगा ताकि जरूरतमंद मरीजों को तत्काल सहायता मिल सके। पिछले चार वर्षों में 1300 से अधिक रोगियों को लगभग 25 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से प्रदान की जा चुकी है। कार्यक्रम में डॉ. रमेश अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिथोले, उपाध्यक्ष डॉ. एल. के. माहेश्वरी, सचिव डॉ. शशि राय, पी.के. मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉ. पी. के. खत्री, संचालक डॉ. नीता सक्सेना, डॉ. ए. के. अग्रवाल, मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश दुआ, डॉ. माधुरीमा, शीबा, निकिता, डॉ. विवेक अग्रवाल और डॉ. नेहा श्रीवास्तव सहित अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने समापन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना, जागरूकता बढ़ाना और एक स्वस्थ, संवेदनशील समाज का निर्माण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## बेखौफ चोरों ने बंद घर को निशाना बनाकर जेवरात और नगदी पर हाथ किया साफ

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों बेखौफ चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सरोजनी नगर के त्रिपुरारीनगर निवासी सुनीता पत्नी कमलेश के मुताबिक 22 मार्च को वह अपने घर से गांव गई थीं। 25 मार्च की शाम करीब छह बजे जब वह वापस लौटीं और घर का गेट खोलकर अंदर दाखिल हुईं, तो अंदर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। घर के भीतर दो दरवाजों के ताले टूटे होने के साथ कमरे में रखी अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था और उसमें रखे सोने-चांदी के लाखों रुपये के कीमती गहने व करीब 80 हजार रुपये गायब थे। आनन फानन पीड़िता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल की। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

## बेंगलुरु से कोलकाता जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बेंगलुरु से कोलकाता जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को खराब मौसम के कारण शुक्रवार देर रात लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। कोलकाता में अचानक मौसम खराब हे जाने और कम दृश्यता (लो विजिबिलिटी) की स्थिति बनने से विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिल सकी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-1871 बेंगलुरु से निर्धारित समय रात 8:50 बजे रवाना होकर 11:35 बजे कोलकाता पहुंचती है। लेकिन शुक्रवार को बेंगलुरु से रात 8:50 के बजाय देरी से रात 10:56 बजे रवाना हुई थी। लेकिन एयरपोर्ट सूत्र ने बताया कि कोलकाता पहुंचने पर वहां खराब मौसम के चलते एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। जिसकी वजह से विमान कुछ देर तक कोलकाता एयरपोर्ट के ऊपर हवा में चक्कर लगाता रहा, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर उसे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। विमान रात करीब 2:35 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा। इस दौरान विमान में कुल 176 यात्री और 8 क्रू मेंबर सवार थे। विमान कुछ समय तक लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़ा रहा। बाद में जब कोलकाता का मौसम सामान्य हुआ, तब शनिवार तड़के करीब 5 बजे फ्लाइट को दोबारा कोलकाता के लिए रवाना कर दिया गया। यात्रियों को इस दौरान कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य के लिए आगे रवाना हो गए।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवा संसद 2026 में युवाओं से कहा : एकजुट रहो, जागरूक बनो और भारत को महाशक्ति बनाओ

**2 लाख अंग्रेज सैनिकों ने 200 वर्षों तक भारत पर शासन किया – जातिवाद से ऊपर उठो और देश की प्रगति में योगदान दो: डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। शनिवार भागीदारी भवन, लखनऊ में आयोजित युवा संसद 2026 में अपने विचार साझा करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं की शक्ति, जिम्मेदारी और देश की प्रगति में उनकी भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने युवाओं को वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक, विचारशील और एकजुट रहने का संदेश दिया। डॉ. सिंह ने अपने भाषण की शुरूआत इतिहास के उदाहरण से करते हुए बताया कि मात्र 2 लाख अंग्रेज सैनिकों ने 200 वर्षों तक भारत पर शासन किया, और इसका मुख्य कारण हमारी आंतरिक विभाजनकारी सोच और संकीर्ण दृष्टिकोण था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान लगभग 25 लाख भारतीय सैनिकों को विदेशों में भेजा गया, जिनमें से लाखों ने अपने प्राणों की आहुति दी। यही कारण है कि देश की रक्षा और विकास की जिम्मेदारी अब हमारी युवा पीढ़ी के कंधों पर है। डॉ. सिंह ने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है, जहां लगभग 60% आबादी युवा है। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे केवल सवाल न पूछें, बल्कि समाधान भी खोजें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जातिवाद और संकीर्ण सोच युवाओं की ऊर्जा और देश की एकता को कमजोर करती है, इसलिए इसे हर स्तर पर चुनौती देना युवा कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं को चेतावनी दी कि यदि हम एकजुट नहीं रहे, तो हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय ताकत कमजोर हो सकती है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि विभाजन ने हमेशा नुकसान पहुँचाया है। इसलिए हमें जाति, धर्म और क्षेत्र जैसी संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर एक सशक्त, समरस और प्रगतिशील समाज का निर्माण करना होगा। डॉ. सिंह ने युवाओं को बताया कि आज भारत जिस गति से आगे बढ़ रहा है, उससे दुनिया हैरान है। वैश्विक विकास दर लगभग 3% है, जबकि भारत की विकास दर 8% के आसपास है। उन्होंने कहा कि मजबूत अर्थव्यवस्था ही किसी देश की स्थिरता और सामरिक शक्ति की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने कौशल, तकनीकी ज्ञान और क्षमता को लगातार बढ़ाएं ताकि देश की अर्थव्यवस्था में अधिकतम योगदान कर सकें। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब भारत आजाद हुआ था, तब प्रति व्यक्ति आय मात्र 500 रुपये थी, अस्पतालों की संख्या सीमित थी और मातृ मृत्यु दर उच्च थी। आज भारत में 1500 से अधिक विश्वविद्यालय हैं और बुनियादी ढांचा विश्वस्तरीय स्तर पर है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में पाँच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का संचालन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो प्रदेश और देश की आर्थिक प्रगति में मदद कर रहा है। डॉ. सिंह ने डिजिटल शिक्षा और साइबर सुरक्षा पर भी जोर दिया। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में 80 स्कूल और कॉलेजों में स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत पर प्रतिदिन 762 साइबर हमले होते हैं, और इसके लिए युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे नई तकनीकों और नवाचार में दक्ष बनें, ताकि साइबर सुरक्षा, डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट तकनीक के क्षेत्र में देश को मजबूत किया जा सके। डॉ. सिंह ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों में पृथ्वी का तापमान लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। लखनऊ जैसे शहरों में भूमिगत जल स्तर हर वर्ष लगभग 10 फीट नीचे जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, इलेक्ट्रिक वाहन और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। साथ ही, उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल युग में युवाओं को अपने स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों पर भी ध्यान देना होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व कई संघर्ष और युद्ध की स्थिति से गुजर रहा है। चाहे मध्य-पूर्व हो, रूस-यूक्रेन संघर्ष हो या अफ्रीका, हर जगह आर्थिक और सैन्य शक्ति ही स्थिरता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत को सैन्य महाशक्ति बनाने के लिए भी युवा पीढ़ी को जागरूक, प्रशिक्षित और सक्षम रहना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं का कर्तव्य है कि वे केवल समस्याओं को न देखें, बल्कि समाधान भी खोजें। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने इस देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति दी। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश को सैन्य, आर्थिक और सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में विकसित करें। इस अवसर पर युवा संसद के संरक्षक राजकुमार पटेल, आयोजक अभिनव पटेल, प्रो. केडी सिंह, संचालक सौरभ पटेल, सोमेंद्र सिंह, शिखर पुरी, धीरेंद्र सिंह, मृणाली दीक्षित, उत्कर्ष चौहान, दीपांशु वर्मा और सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और युवा मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

# चैती महोत्सव: नारी सम्मान के लिए दौड़े-दौड़े आये भगवान

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव के तुलसी रंग मंच पर शनिवार को कृष्ण लीला का मंचन युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ से आरंभ हुआ जहाँ भगवान श्री कृष्ण की मुलाकात शिशुपाल से होती है । श्रीकृष्ण को देखते ही शिशुपाल उन पर अपशब्दों की बौछार कर देता है । परंतु श्रीकृष्ण मौन रहे क्यों उन्होंने अपनी मौसी ( शिशुपाल की माँ )को उनके बेटे की सौ गलतियों को क्षमा करने का वचन दिया था । परंतु यहाँ पर शिशुपाल सौ की सीमा पार कर जाता है और तभी श्रीकृष्ण अपने सुदर्शन चक्र से उसका वध कर देते हैं। दूसरी ओर द्रौपदी अपने महल में आए दुर्योधन को कटु वचन कह कर उसका अपमान कर देती हैं, जिससे दुर्योधन तिलमिला जाता है और अपने अपमान का बदला लेने के लिए मामा सकुनी के साथ साजिशें रचने लग जाता है। साजिश के तहत दुर्योधन युधिष्ठिर को धूतक्रीडा के लिए आमंत्रित करता है जिसे वे स्वीकार लेते हैं । पांडव धूतक्रीड़ा खेलने हस्तिनापुर दरबार पहुंचते हैं जहाँ शकुनी की बेइमानी के चलते धूतकीड़ा में अपना धन और राज्य हार जाते हैं जिसके बाद वे जुएं में अपने भाइयों और द्रौपदी को भी दांव पर लगा कर हार जाते हैं। जिसके बाद बदले की आग में जल रहा दुर्योधन दुशासन को द्रौपदी को राजसभा में लाने का आदेश देता है । दुशासन बाल पकड़ कर द्रौपदी को खींचता हुआ सभा में लाता है जिसके बाद दुर्योधन द्रौपदी को निर्वस्त्र करने का आदेश देता है, भरी सभा में दुशासन द्वारा द्रौपदी का चीरहरण आरंभ होता है जहाँ असहाय द्रौपदी अपने सखा कृष्ण को याद करती हैं, द्रौपदी की करुण पुकार से लीलाधर श्रीकृष्ण हस्तिनापुर की राज्यसभा में पहुंच कर अपनी लीला से द्रौपदी की साड़ी को बढाते चले जाते हैं जिसे खींचते खींचते दुशासन थक कर गिर जाता है और द्रौपदी की लाज बच जाती है । इसी लीला के साथ दसवें दिन की कृष्णलीला के मंच का समापन हो जाता । शनिवार को चैती महोत्सव के मंच का आरंभ ध्वनि फाउंडेशन की निदेशक ऋचा तिवारी ने अपने शिष्य शिष्याओं के साथ किया जिसमे उन्होने कृष्ण भजन, डांडिया, शिव स्तुति, होली रास व बृज की होली को अपने नृत्य कौशल से मंच पर प्रदर्शित किया । इसके उपरांत दूसरी प्रस्तुति डांस स्फेयर की शिक्षिका स्वाति श्रीवास्तव के निर्देशन में दी गई जिसे उन्होंने अपने 40 शिष्य . कलाकारों के साथ तुलसी रंगमंच पर गणेश जी की स्तुति के साथ आरंभ किया । डांस स्फेयर की दूसरी प्रस्तुति मीराबाई के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका हरि प्रिय मीराबाई का मंच पर सुंदर प्रस्तुतिकरण किया गया । ऐशबाग रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रविवार को श्रीकृष्णलीला में कीचक वध , दुर्योधन के अनुरोध पर श्रीकृष्ण द्वारा अपनी चतुरंगिणी सेना उसे देना , श्रीकृष्ण का शांतिदूत बनकर हस्तिनापुर जाना , दुर्योधन द्वारा कृष्ण को बंदी बनाने का प्रयास करना व श्रीकृष्ण द्वारा विराट स्वरूप के दर्शन देना जैसी प्रमुख लीलाओं को मंचित किया जाएगा ।

## अवधी को गूगल की भाषा बनाने पर व्याख्यान देंगे ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

**तीस मार्च को लखनऊ में आयोजन**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर। अवधी भाषा को गूगल की भाषा कैसे बनाया जाय इस विषय को लेकर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' लखनऊ में व्याख्यान देंगे। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के भारतीय भाषा संस्थान व ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा लखनऊ में पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन एवं भविष्य विषय पर अलग अलग दिनों में अलग अलग स्थान पर विभिन्न विद्वानों का व्याख्यान हो रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में सोमवार तीस मार्च को विशिष्ट वक्ता के रूप में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर व चर्चित साहित्यकार ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि अवधी भाषा को गूगल की भाषा बनाकर इंटरनेट पर सशक्त करने को लेकर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम अर्जुनगंज स्थित उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के सभागार में होगा ।

## शराब की दुकान पर बैठे अधिवक्ता के साथ मारपीट व सोने की चैट लूटने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों शराब की दुकान पर बैठे एक अधिवक्ता के साथ मारपीट व लूट की घटना सामने आई है। सरोजनी नगर के जयराजपुरी कॉलोनी निवासी अधिवक्ता शिवम शुक्ला के मुताबिक 21 मार्च की रात तहसील से लौटने के बाद गौरी चौराहे स्थित एक मॉडल शॉप पर बैठे थे। इसी दौरान वहां मौजूद अनुज यादव, अभिनव यादव उर्फ लाली, तरुण यादव और निक्कू ठाकुर नामक चार युवक आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। अधिवक्ता शिवम का कहना है कि उन्हें मना करने पर आरोपियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने शिवम शुक्ला को अकेला पाकर मारपीट की और हाथापाई के दौरान उनके गले से करीब 15 ग्राम वजनी सोने की चेन लूट ली।

## संक्षेप

### एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित कार पलटी तीन संत घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। अयोध्या से राजस्थान जा रही संतो की एक कार टायर फटने से बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेसवे मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गई इस हादसे में घायल हुए तीन महात्माओं को बांगरमऊ से रेफर कर दिया गया।कहा जा रहा है पांच महात्मा एक कार में सवार होकर रामनवमी के अवसर पर राजस्थान से अयोध्या गए हुए थे जहां से वह भगवान श्रीराम के दर्शन कर पुनः राजस्थान लौट रहे थे तभी शनिवार को दोपहर बाद करीब 2:30 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव बहलोलपुर के निकट कार का एक टायर फट गया जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई इस हादसे में कार सवार जयपुर निवासी संत लाल दास त्यागी पुत्र प्रभुदास,लाल शरण दास त्यागी पुत्र रामकृष्ण तिवारी निवासी लक्ष्मण किला अयोध्या,शिवमोहन सिंह व कार चला रहे भंवरलाल पुत्र भेराराम निवासी पचेकिया थाना मारवाड़ जंक्शन जनपद पाल राजस्थान तथा राम अचल यादव पुत्र रामसर निवासी कस्बा सोहावल थाना लोनाही जनपद अयोध्या यह पांचों लोग घायल हो गए हादसे के बाद यूपीडा रेस्क्यू टीम द्वारा उन्हें बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां से शिवमोहन,लाल दास त्यागी व लाल शरण दास त्यागी तीन संतो को रेफर कर दिया गया इन तीनों में लाल दास त्यागी की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बीकामऊ गांव में शनिवार सुबह एक किसान का शव नीम के पेड़ से लटका मिला।इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।जानकारी के अनुसार, बीकामऊ गांव निवासी 53 वर्षीय देशराज पुत्र चंद्रिका प्रसाद का शव उनके घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित एक नीम के पेड़ पर लटका हुआ पाया गया।सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने सबसे पहले शव देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी।मृतक देशराज खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके तीन बेटे हैं, जिनकी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने बताया कि देशराज शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और गांव में सभी से मिलजुल कर रहते थे।सोहरामऊ थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा भरा। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।थाना प्रभारी अरविंद पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि परिजनों की ओर से कोई तहरीर दी जाती है, तो उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने फिलहाल कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 5 शातिर चोर गिरफ्तार, 15 लाख का माल बरामद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक संगठित चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये का चोरी का सामान, अवैध हथियार और वाहन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में की गई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।हाल ही में दर्ज कई मामलों–6 अगस्त 2025 (सिविल लाइंस), 19 फरवरी 2026 व 24 मार्च 2026 (गदनखेड़ा)–की जांच के दौरान गिरोह की सक्रियता सामने आई थी।27 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ललऊखेड़ा नहरिया डीह मोड़ मंदिर के पास घेराबंदी कर पांच आरोपियों को दबोच लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शैलेंद्र उर्फ दीपू सविता, रविंद्र सिंह उर्फ बऊवा, जलेश उर्फ अयान, विशाल उर्फ अनुराग कुशवाहा और अमन सोनी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान मुख्य आरोपी दीपू के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात, मंगलसूत्र, अंगूठियां, झुमकी, नथिया, पायल और बिछिया सहित भारी मात्रा में कीमती सामान बरामद किया।अमन सोनी के कब्जे से एलईडी टीवी, लैपटॉप, स्पीकर, एम्प्लीफायर और इनवर्टर बैटरी जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान भी मिले।पुलिस ने गिरोह के पास से एक मोटरसाइकिल और एक टेंपो भी जब्त किया है, जिनका उपयोग चोरी के सामान को ढोने में किया जाता था।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सदर कोतवाली और माखी थाना क्षेत्रों में घरों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते थे और चोरी का माल ई-रिक्शा से ले जाकर कबाड़ियों व सुनारों को बेच देते थे।पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी शैलेंद्र उर्फ दीपू पर पहले से हत्या के प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र, उपनिरीक्षक रविशंकर मिश्र, अजय शर्मा, अतुल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# संपत्ति के विवाद में पुत्र ने मां का गला दबाकर उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में एक वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत अब हत्या में बदल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 75 वर्षीय शशिकला सिंह की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, और परिवार के भीतर चल रहे संपत्ति विवाद को लेकर परिजन एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते रहे सदर कोतवाली क्षेत्र के बंधूहार मोहल्ला निवासी शशिकला सिंह (75) पत्नी स्वर्गीय जयराम सिंह की गुरुवार शाम जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। शुरूआत में उनकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में मानी जा रही थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया। इस पैनल में औरास सीएचसी के डॉ. शोएब अली और हसनगंज सीएचसी के डॉ. शोएब निसार शामिल थे।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि वृद्धा की मौत गला दबाने से हुई है, जिससे हत्या की पुष्टि हो गई। मृतका के परिवार में योगेन्द्र सिंह ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और देवेंद्र प्रताप सिंह उनके पुत्र हैं, जबकि सीमा सिंह, सुनीता सिंह, शालिनी सिंह और अनीता सिंह उनकी पुत्रियां हैं। परिवार के एक बेटे ने आरोप लगाया है कि मृतका के पुत्र योगेंद्र कुमार सिंह ने कथित तौर पर मां की जमीन अपने नाम करवा ली थी। इसी संपत्ति को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा था।परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि वृद्धा को घर में बंधक बनाकर रखा जाता था और उन्हें बाहर आने-जाने की अनुमति नहीं थी। घटना के बाद परिवार में तनाव का माहौल है। मृतका के घर के बाहर रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा रही।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि ज्ञानेंद्र सिंह की तहरीर पर आरोपी पुत्र योगेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल दिया गया है।

## जिलाधिकारी को गौरैया घोंसला किया भेंट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गौ-गौरैया संरक्षण समिति कानपुर उ.प्र द्वारा चलाये जा रहे गौरैया संरक्षण जन-जागरूकता अभियान दाना-पानी व घर आओ गौरैया के तहत संस्था के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय व उपाध्यक्ष रजनीश द्विवेदी द्वारा पन्नालाल सभागार स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी गौरांग राठी को लकड़ी से बने पर्यावरण के अनुकूल दाना-पानी स्टैंड व गौरैया घोसला भेंट किया गया। जिलाधिकारी ने अभियान की सराहना करते हुए अभियान को प्रारणादायी बताया। इस अवसर मनीष पाण्डेय ने बताया बीते तेरह वर्षो से गौरैया संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है सुरु के वर्षो में दाना-पानी पत्रों, हैंगिंग बाउल का निःशुल्क बितरण किया जाता रहा 2017 से लकड़ी और मिट्टी से बने दाना-पानी स्टैंड का बितरण व विभिन्न स्थानों,पार्कों में लगवाए जाना 2021 से घर आओ गौरैया अभियान के तहत लकड़ी से बने गौरैया घोसलों का निःशुल्क बितरण व व विशिष्ठ जनों को भेंट कर लोगो को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है मनीष पाण्डेय ने बताया उनके द्वारा पिछले वर्ष कानपुर के अहिरवां के संजीवनगर में मकान बनवाया गया है जिसमे बाहर की मुख्य दीवार पर कंक्रीट से 10 गौरैया के घोसले बनवाये गए है जिसमे इस वर्ष तीन घोसलों में गौरैया ने घोसले बनाये है अंडे रखे है।जो अत्यंत सुखद है। इस मौके पर कार्यालय के कर्मचारी व आगन्तुक मौजूद रहे।




## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा बी आर सी मुख्यालय पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं के विषयों पर आधारित ग्राम प्रधान व स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का एकदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल सिंह विधायक पुरवा द्वारा मा शारदा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया । विधयाक का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ,खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर ने बुके व स्मृति चिन्ह देकर किया । विद्यालय विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विकासखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षक, शिक्षामित्र और 11 रसोइयों का सम्मान किया गया। विधायक अनिल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जनप्रतिनिधियों की कर्मठता, अधिकारियों की कार्य कुशलता, शिक्षकों की कर्तव्य निष्ठा, बच्चों की प्रतिभा सुखद सुंदर सशक्त देश समाज के मूलभूत आधार है , खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने कहा की विकासखंड को एक उन्नत गौरवपूर्ण प्रेरक आयाम पर स्थापित करना मेरी प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह व सभ्यता वाजपेई ने किया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता , महेंद्र लोधी , गोविंद लोधी , दिनेश कंवजिया , धुंनर प्रसाद ,एआरपी प्रवीण कुमार, अन्नपूर्णा दीक्षित, मुकेश शुक्ला, रणंजय सिंह,,संदीप द्विवेदी, रामकरण मोर्य सहित अन्य अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रही ।

## संदिग्ध परिस्थितियों विवाहिता की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।महिला ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए लखनऊ ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम भदिहा पकरा खुर्द निवासी अनुपम चौधरी उर्फ जया (28) पत्नी राहुल चौधरी ने गुरुवार दोपहर कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तुरंत लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराए, लेकिन शुक्रवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद लखनऊ में ही पंचायतनामा भरा गया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शुक्रवार रात परिजन शव लेकर उन्नाव पहुंचे।बताया गया है कि मृतका की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले राहुल चौधरी से हुई थी।उसकी एक तीन माह की बेटी भी है। विवाहिता की अचानक मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मृतका के मायके पक्ष ने मामले को संदिग्ध बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।शुक्रवार रात परिजन शव लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी।बिहार थाना पुलिस के मुताबिक, मृतका के पिता मुन्ना चौधरी, निवासी ग्राम सिकंदरपुर सिरोसी, ने इस मामले में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस के अनुसार, विवाहिता की मौत आत्महत्या, पारिवारिक विवाद या किसी अन्य कारण से हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों से जानकारी जुटा रही है और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## नगर पंचायत की जमीन से हटा अवैध कब्जा,तहसील प्रशासन का चला बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिले की मौरावां आदर्श नगर पंचायत में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटा दिया गया है। तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर लगभग ढाई बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यह कार्रवाई काजीगढ़ी के समीप नहर कोठी के पास की गई।यह मामला तब सामने आया जब कस्बे के इसराइल अली पर नगर पंचायत की लगभग ढाई बीघा सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग करने का आरोप लगा। इसराइल अली के नाम पर 17 बिस्वा जमीन दर्ज है, लेकिन उन्होंने गाटा संख्या 2382 (रास्ते के लिए आरक्षित) और गाटा संख्या 2277 (नवीन परती) की जमीन पर कब्जा कर रखा था। तहसील प्रशासन ने लगभग दो महीने पहले अवैध कब्जेदारों को नोटिस जारी किया था, जिसका कोई जवाब नहीं मिला।इसके बाद, पुरवा तहसीलदार मनीष कुमार द्विवेदी, नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी और लेखपाल निशांत वर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलवाया।इस दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संतोष चतुवेर्दी, मधुकर बाबू और थाना अध्यक्ष कुमार बहादुर सिंह भी मौजूद रहे।अवैध कब्जे वाली जमीन के कुछ खरीददारों ने बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह सरकारी जमीन है। मोहम्मद आलम ने बताया कि इसराइल अली ने इस जमीन को अपनी बताकर बेचा था। अमीनुद्दीन नामक खरीददार ने कहा कि उन्होंने इस जमीन पर निर्माण कराया था, लेकिन बाद में पता चला कि यह नगर पंचायत की जमीन है और उनकी खरीदी हुई जमीन कहीं और है। समीर, कलीम और फैसल ने बताया कि उन्होंने एक साल पहले जमीन की रजिस्ट्री कराई थी और समस्या के समाधान के लिए नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ से भी मिले थे। खरीददारों ने इसराइल अली के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। उन्होंने मांग की है कि इसराइल अली उन्हें उनकी खरीदी हुई जमीन पर कब्जा दें।

## कन्हैयालाल परमेश्वर दिन मेमोरियल स्कूल ने मनायी अपनी 25वीं वर्षगांठ

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। सिल्वर जुबली वार्षिक उत्सव कन्हैयालाल परमेश्वर दीन हाई स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन नगर पंचायत रूपईडीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य रहे विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश वर्मा ने बताया कि वर्ष 2000 में विद्यालय की स्थापना की गई थी तब 150 बच्चों से विद्यालय की शुरूआत बहुत कम संसाधनों से शुरू किया था।लगन और परिश्रम के बल पर आज 25 वर्ष पूरे हुए हैं आज विद्यालय में 1200 विद्यार्थी है एवं 45 शिक्षक शिक्षिकाएं हैं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, डांस सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य जेपी सिंह प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र जब बड़े पदों पर चले जाते हैं।तब विद्यालय के शिक्षकों को गर्व होता है कि आज हमारा पढ़ाया हुआ छात्र उच्च पदों पर बैठे हुए हैं इससे बड़ी खुशी कोई होती नहीं है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक धुरु शुक्ला की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।शुक्लागंज के बिंदा नगर निवासी धुरु शुक्ला पुत्र राम किशोर शुक्रवार देर रात बाइक से कहीं जा रहे थे।गंगा बैराज रोड के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी, लेकिन एंबुलेंस पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो चुकी थी।सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।मृतक धुरु शुक्ला दो भाइयों में से एक थे और नेटवर्क डेटा से संबंधित पढ़ाई कर रहे थे।परिवार को उनसे काफी उम्मीदें थीं।युवक की असमय मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान हो सके।गंगाघाट कोतवाली प्रभारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। आगामी 4 अप्रैल 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित विशाल महारैली एवं धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सुमेरपुर की ब्लॉक कार्यकारिणी एवम संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक शनिवार को ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बीआरसी सभागार में हुई इस बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षक नेताओं और पदाधिकारियों ने भाग लेकर आंदोलन की रणनीति तय की और सरकार के काले कानून और टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि टीएफआई द्वारा पूर्व में घोषित दो बार के धरना कार्यक्रमों को रामलीला मैदान में अनुमति न देकर शिक्षक एकता को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन अब राष्ट्रीय नेतृत्व ने स्पष्ट निर्णय ले लिया है कि शिक्षक इस बार 4 अप्रैल को रामलीला मैदान में ही धरना-महारैली करेंगे। इस अवसर पर संगठन के संघर्ष समिति ब्लॉक अध्यक्ष देश दीपक पांडेय, ब्लॉक मंत्री वरुण मिश्रा, रामकुमार, अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, ?राकेश तिवाी, अखण्ड प्रताप सिंह, अजय दीप सिंह, आशीष कुमार, राजेश कुमार, सुमित, रामदेव यादव, कंचन मिश्रा, विक्रांत सिंह, इंसाद अली, दुर्गेश कुमार, मनोज कुमार, मनीषा कुशवाहा, रविशंकर पाण्डेय, सुमन सिंह, गायत्री, सुमन देवी, प्रीती कटारिया, अमिता त्रिवेदी समेत कार्यकारिणी के पदाधिकारी सहित अनेक शिक्षकों ने भाग लिया और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## ट्रक व पिकअप डाला कि आमने सामने टक्कर दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।माखी थाना क्षेत्र के मियागंज मार्ग पर मेथीटीकुर नहर पुल के पास पिकअप डाला व ट्रक की आमने सामने टक्कर में पिकअप डाला के चालक परिचालक गभींर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ में भर्ती कराया गया दुर्घटना के बाद ट्रक सड़क के नीचे उतर गया ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से भाग निकलासीतापुर जनपद के मिश्रिख निवासी पिकअप चालक महेंद्र कुमार कानपुर से सामान लाद कर गांव निवासी परिचालक आकाश के साथ शनिवार की भोर पहर जा रहे थे अभी वह माखी थाना क्षेत्र के चकलवंशी मियागंज मार्ग पर मेथीटीकुर नहर पुल के पास पहुंचे थे तभी सामने से ईट लाद कर आ रहे ट्रक चालक ने ओवर टेक के दौरान टक्कर मार दी जिससे पिकअप के चालक परिचालक दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ में भर्ती कराया गया है जबकि दुर्घटना के बाद ट्रक सड़क के नीचे उतर गया और चालक गाड़ी छोड़ मौके से भाग निकला।

## युवतियों को देखकर अश्लील हरकते करने वाले शोहदा गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बारासगवर पुलिस द्वारा सरेराह महिलाओं से अश्लील फब्तियां कसने वाले अभियुक्त को वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।थाना क्षेत्र के टेढा चौराहे पर करीब तीन वर्ष पूर्व गुड्डू पुत्र खिन्नीलाल नि० चिलौली सडक पर आने जाने वाली महिलाओं व लडकियों को देखकर अश्लील शब्दो का प्रयोग व अश्लील हरकते कर रहा था। सूचना पर पहुँचे एंटी रोमियो स्कवाड की महिला आरक्षी रंजना यादव व कमलेशा व आरक्षी अनिल कुमार द्वारा उक्त युवक को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर सुसंगत कार्यवाही की थी। मामले की सुनवाई ग्राम न्यायालय बीघापुर द्वारा की जा रही थी।पेशियों में अनुपस्थित रहने के कारण ग्राम न्यायालय ने वारंट जारी किया था।वारंट के आधार पर बारासगवर थाने के उ०नि० अवधेश सिंह व का०फिरदौस अख्तर ने अभियुक्त गुड्डू को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## एसपी ने कई निरीक्षक व उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया फेरबदल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस फेरबदल में दो थानेदारों को लाइन हाजिर भी किया गया है।जारी तबादला सूची के अनुसार, निरीक्षक राजकुमार को वीआईपी सेल प्रभारी से हटाकर थाना बेहटामुजावर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं, एंटी भू-माफिया सेल में तैनात निरीक्षक भवन सिंह मौर्य को थाना पुरवा की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव सेल में कार्यरत निरीक्षक अवधेश कुमार यादव को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रभारी निरीक्षक थाना पुरवा अमरनाथ यादव और थानाध्यक्ष बेहटामुजावर मुन्ना कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। उपनिरीक्षकों की सूची में भी महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। उपनिरीक्षक अनिल कुमार साहू को चौकी प्रभारी गंज मुरादाबाद से हटाकर कोतवाली थाना की सदर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। चौकी प्रभारी सदर रहे उपनिरीक्षक अतुल कुमार वर्मा को सर्विलांस सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अनावरण एवं विवेचना शाखा से उपनिरीक्षक संदीप कुमार मिश्रा को वीआईपी सेल का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि यह फेरबदल कार्यप्रणाली में सुधार, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से किया गया है। अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय पुलिसिंग सुनिश्चित करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

## मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने दोपहर बाद असोहा ब्लॉक मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा सेल , एनआरएलएम कच्छ का निरीक्षण ,मीटिंग हाल का निरीक्षण करते हुए अभिलेख देखे ,इस दौरान उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा सेल का कच्छ बहुत जर्जर है तथा मीटिंग हाल का सौंदर्यीकरण करते हुए इसको ठीक कराए ,वही ऐडियो पंचायत रमाकांत पांडेय को ब्लॉक परिसर की साफ सफाई लेकर फटकार लगाते हुए साफ सफाई के निर्देश दिये । इस दौरान मनरेगा आपरेटर रोहित अग्निहोत्री , जी पी टी पी शशिभूषण ,ऐडियो आई एस बी अरविंद चौहान ,ऐडियो समाज कल्याण श्रीकांत मिश्र सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# विरासत की लहरों पर तैरता दक्षिणांचल: शौर्य, साधना और सृजन का महाकुंभ है 'कुशवासी' क्षेत्र का गौरवशाली इतिहास



लेखक : -- कुंवर शील वर्धन प्रताप नारायण सिंह

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मानचित्र पर अंकित गोरखपुर जनपद का दक्षिणी भू-भाग, जिसे हम 'दक्षिणांचल' की संज्ञा देते हैं, केवल एक भौगोलिक खंड नहीं बल्कि भारतीय इतिहास के उथल-पुथल भरे कालखंडों का एक जीवंत और देदीप्यमान साक्षी है। राप्ती, सरयू और आमी जैसी जीवनदायिनी सरिताओं के पावन आलिंगन में सिमटा यह क्षेत्र अपनी अलौकिक माटी, जुझारू संस्कृति और पौराणिक स्मृतियों के कारण 'कुशवासी' क्षेत्र के रूप में विख्यात है। यहाँ की पगडंडियाँ केवल गाँवों को नहीं जोड़तीं, बल्कि वे प्राचीन कोशल साम्राज्य के अवशेषों, मध्यकालीन सामंती संघर्षों और स्वाधीनता संग्राम के उस लहू से सिंचित इतिहास को भी जोड़ती हैं, जिसने इस देश की नींव को मजबूती प्रदान की। इतिहास के धुंधलके में जब हम 'कुशवासी' शब्द की जड़ों को खोजने का प्रयास करते हैं, तो इसका सीधा संबंध त्रेतायुग के वैभवशाली अयोध्या साम्राज्य से जुड़ता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अनुज पुत्र कुश ने दक्षिण कोशल के जिस विस्तृत भू-भाग पर अपनी सत्ता का विस्तार किया था, उसी के प्रभाव क्षेत्र में आने के कारण यहाँ के निवासियों को 'कुशवासी' कहा जाने लगा। एक अन्य शोधपरक मत यह भी है कि इस क्षेत्र के कछारों में प्रचुर मात्रा में उगने वाली 'कुश' घास, जिसका धार्मिक महत्व सर्वोपरि है, उसने यहाँ की भौगोलिक और सांस्कृतिक पहचान को निर्धारित किया। यह क्षेत्र आदि काल से ही ऋषि-मुनियों की तपस्थली और अदम्य योद्धाओं की कर्मभूमि रहा है। आज का दक्षिणांचल उसी पौराणिक गरिमा और आधुनिक संघर्षों का एक ऐसा संतुलित मिश्रण है, जहाँ परंपराएं आज भी आधुनिकता की आँखों में आँखें डालकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती हैं।

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में जब भारतवर्ष सोलह महाजनपदों में विभक्त था, तब यह क्षेत्र 'मल्ल गणराज्य' और 'कोशल' की सीमाओं का संगम स्थल हुआ करता था। बुद्ध के पदचापों से पवित्र हुई इस भूमि ने सदैव सत्ता के केंद्रीकरण का विरोध किया और अपनी गणतांत्रिक पहचान को अक्षुण्ण रखा। मध्यकाल के दौरान, दक्षिणांचल में धुरियापार के कौशिक राजपूतों और स्थानीय सरदारों के बीच सत्ता का जो संघर्ष चला, उसने यहाँ के सामाजिक ढांचे को एक नई जीवटता प्रदान की। राप्ती नदी के तट पर स्थित धुरियापार का किला इस बात का प्रमाण है कि यहाँ के शासकों ने दिल्ली की सल्तनत और मुगलिया हुकूमत के सामने कभी पूरी तरह घुटने नहीं टेके। यहाँ की 'सनेत' और 'कुशवाह' संस्कृतियों ने मिलकर एक ऐसा सामाजिक ताना-बाना बुना, जिसमें कृषि और रण-कौशल दोनों साथ-साथ चलते थे। इतिहास के पन्नों को पलटें तो 1857 की क्रांति के समय दक्षिणांचल के किसानों ने अपनी 'कुशवासी' पहचान को एक राष्ट्रव्यापी क्रांति में बदल दिया था। जब मंगल पांडे की हुंकार बलिया और बैरकपुर से उठी, तो उसकी प्रतिध्वनि बाँसगाँव, गोला और बड़हलगंज के जंगलों में स्पष्ट सुनाई दी। यहाँ के स्थानीय जमींदारों और लघु कृषकों ने अंग्रेजी सेना के रसद मार्गों को सरयू और राप्ती के माध्यम से अवरुद्ध कर दिया था। अंग्रेजों के लिए यह 'गुरिल्ला युद्ध' का सबसे कठिन मोर्चा था क्योंकि यहाँ की भौगोलिक दुर्गमता क्रांतिकारियों की सबसे बड़ी शक्ति थी।

दक्षिणांचल की आत्मा इसके ग्राम-समाजों में बसती है, जहाँ की हर मिट्टी की ढेरी एक नई कहानी सुनाती है। इस क्षेत्र का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले बेलीपार का इतिहास अत्यंत रोचक है। प्राचीन काल में यह एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक और व्यापारिक चौकी थी। गोरखपुर-वाराणसी मार्ग पर स्थित होने के कारण बेलीपार ने अनगिनत सेनाओं और यात्रियों के आवागमन को देखा है। यहाँ के पुराने बाजार और प्रशासनिक भवनों के अवशेष बताते हैं कि यह क्षेत्र सदा से ही नियंत्रण का केंद्र रहा है। वहीं, दक्षिणांचल के आर्थिक हृदय स्थल कौड़ीराम का नाम इसके प्राचीन व्यापारिक महत्व का उद्घोष करता है। 'कौड़ी', जो कभी विनिमय की प्राचीन मुद्रा थी, उसके नाम पर इस गाँव का नाम पड़ना इस बात का प्रमाण है कि यहाँ सदियों पहले एक विशाल मंडली और व्यापारिक केंद्र हुआ करता था, जहाँ से सरयू और राप्ती के क्षेत्रों के बीच आर्थिक सेतु का निर्माण होता था।

नदी की लहरों के साथ अपनी किस्मत लिखने वाले भौवापार गाँव का इतिहास वीरता और प्रकृति से संघर्ष की गाथा है। राप्ती के तट के अत्यंत समीप होने के कारण भौवापार के पूर्वजों ने न केवल बाढ़ की विभीषिका से लड़ना सीखा, बल्कि अपनी स्वायत्तता के लिए बाहरी ताकतों से भी लोहा लिया। यहाँ की 'डीह' पूजा और ग्राम देवताओं की परंपरा सदियों पुरानी है, जो यहाँ की जड़ों को प्राचीन लोक-संस्कृति से जोड़ती है। कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के मेरुदंड के रूप में डंवरपार और चारपानी का स्थान अद्वितीय है। 'चारपानी' गाँव का नाम यहाँ के प्रचुर जल स्रोतों और प्राचीन जल प्रबंधन की उन्नत व्यवस्था से प्रेरित माना जाता है। इन गाँवों ने अपनी मेहनत से कछार की मिट्टी को स्वर्णमयी फसल में तब्दील किया और 'कुशवासी' पहचान को एक नई समृद्धि दी।

सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना के केंद्र के रूप में कसिहार और मलाव का नाम अत्यंत श्रद्धा से लिया जाता है। कसिहार जहाँ अपनी प्राचीन जमींदारी और पारंपरिक शिक्षा पद्धति के लिए विख्यात रहा है, वहीं मलाव (मलावा) गाँव ने लोक कलाओं, विशेषकर 'बिरहा' और 'नौटंकी' के माध्यम से इस क्षेत्र की सांस्कृतिक अस्मिता को संजोकर रखा है। यहाँ के लोग आज भी अपनी कुलदेवी और प्राचीन मठों के प्रति अगाध श्रद्धा रखते हैं, जो यहाँ की धार्मिक निरंतरता को दर्शाता है। राजनीतिक और न्याय व्यवस्था की बात करें तो कनईल और मझगांवा की भूमिका अग्रणी रही है। मझगांवा, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, 'मध्य का गाँव' होने के कारण ऐतिहासिक रूप से कई गाँवों की पंचायतों का केंद्र रहा। यहाँ की चौपालों में लिए गए निर्णय आज भी पत्थर की लकीर माने जाते हैं और कनईल गाँव ने अपनी जुझारू राजनीति और सामाजिक आंदोलनों के माध्यम से दक्षिणांचल की आवाज को राजधानी तक पहुँचाया है।

दक्षिणांचल की इस ऐतिहासिक यात्रा में नदियों की भूमिका को विस्मृत नहीं किया जा सकता। यहाँ की नदियाँ केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि वे यहाँ के लोगों के स्वभाव और संघर्ष की निर्मात्री हैं। 'कछारी संस्कृति' का अपना एक अलग सौंदर्य है। सरयू के किनारे बसे गाँवों में जहाँ आध्यात्मिकता का प्रवाह है, वहीं राप्ती के किनारे बसे गाँवों में सृजन और प्रतिरोध का मेल है। यहाँ की मिट्टी में उपजा 'काला नमक' चावल कभी विश्व विख्यात था, जो यहाँ की कृषि संपन्नता का सबसे बड़ा प्रतीक है। साहित्य और वांग्मय के धरातल पर भी यह क्षेत्र अत्यंत उर्वर रहा है। यहाँ का 'बिरहा' केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि इतिहास को मौखिक रूप से जीवित रखने का एक सशक्त माध्यम है।

आज का दक्षिणांचल अपनी इसी गौरवशाली विरासत को सहेजते हुए आधुनिकता के नए सोपानों पर चढ़ रहा है। धुरियापार में प्रस्तावित विशाल औद्योगिक गलियारा और गीडा (GIDA) के बढ़ते कदमों ने इस ऐतिहासिक भूमि को एक बार फिर से वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर ला खड़ा किया है। लेकिन इस भौतिक प्रगति के बीच, यहाँ के ऐतिहासिक स्मारकों, प्राचीन टीलों और तालाबों के संरक्षण की चुनौती आज भी खड़ी है। मझगांवा की ऐतिहासिक चौपालों से लेकर भौवापार के शांत घाटों तक, इतिहास की गूँज सुनाई देती है, जो हमसे अपनी पहचान को सुरक्षित रखने का आग्रह करती है। निष्कर्षतः, गोरखपुर के दक्षिणांचल और 'कुशवासी' क्षेत्र का इतिहास केवल तिथियों और घटनाओं का संकलन नहीं है, बल्कि यह उन गुमनाम नायकों, परिश्रमी कृषकों और वीर पूर्वजों के त्याग और तपस्या की एक अखंड गाथा है। यह भूमि हमें सिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे अपनी अस्मिता को अक्षुण्ण रखते हुए विकास की राह पर बढ़ा जाता है। कौड़ीराम की व्यापारिक बुद्धिमत्ता, बेलीपार की सामरिक स्थिति और डंवरपार के किसानों का पसीना मिलकर इस माटी को वंदनीय और अजेय बनाते हैं। आने वाली पीढ़ियों का यह नैतिक दायित्व है कि वे अपनी इन जड़ों को पहचानें और इस 'कुशवासी' वैभव को अक्षुण्ण बनाए रखें, क्योंकि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह अपने भविष्य की दिशा भी खो देता है।

उपरोक्त आलेख का सारांशः यह आलेख गोरखपुर के दक्षिणांचल (कुशवासी क्षेत्र) के पौराणिक, मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास का एक व्यापक संकलन है। इसमें भगवान राम के पुत्र कुश से जुड़ाव, 1857 की क्रांति में स्थानीय योगदान और राप्ती-सरयू नदियों के किनारे विकसित हुई कछारी संस्कृति का वर्णन है। विशेष रूप से बेलीपार, कौड़ीराम, भौवापार, डंवरपार, चारपानी, कसिहार, मलाव, कनईल और मझगांवा जैसे प्रमुख गाँवों के ऐतिहासिक महत्व, व्यापारिक जड़ों और सांस्कृतिक योगदान को रेखांकित किया गया है, जो इस क्षेत्र को वीरता और कृषि-समृद्धि का अनूठा संगम बनाते हैं।

(लेखक गोरखपुर प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता हैं)

## सम्पादकीय

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करना हो अगला कदम

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध भड़कने के बाद एक बात पूरी दुनिया को समझ में आ गई है कि अब उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 'आउट ऑफ बॉक्स' सोच की जरूरत है। इस युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा चर्चा का रुख निर्णायक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर मोड़ दिया है। यूरोप, यूनाइटेड किंगडम और जापान जैसे देशों ने अपने घरेलू ऊर्जा स्रोतों को सुरक्षित करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यह व्यवधान लंबा खिंच सकता है और संरचनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। आपूर्ति में कमी और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का असर बाजारों पर संघर्ष खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बना रह सकता है। इसी परिदृश्य में भारत भी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने प्रयास तेज कर रहा है। शायद यही हमारे लिए सबसे अच्छा विकल्प भी है। अधिक आक्रामक तरीके से ड्रिलिंग करने की मौजूदा पहल 2025 और 2026 की शुरुआत से ही गति पकड़ चुकी थी, जिसे अब भू-राजनीतिक दबावों ने और तेज कर दिया है। इस बदलाव का सबसे स्पष्ट संकेत ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) से मिला है, जिसकी हालिया पहल दिखाती है कि भारत अब केवल इरादों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहा है। ओएनजीसी द्वारा लगभग 20 अरब डॉलर का वैश्विक टेंडर जारी कर गहरे समुद्र में ड्रिलिंग रिग्स किराए पर लेने का फैसला भारत की अपस्ट्रीम रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इस योजना का विशाल आकार और केवल 80 दिनों में रिग्स जुटाने की शर्त भारत के अन्वेषण इतिहास में शायद ही कभी देखी गई तत्परता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम उत्पादन वाले और नए (फ्रंटियर) दोनों तरह के बेसिन को कवर करता है। ओएनजीसी कृष्णा-गोदावरी बेसिन में गतिविधि बढ़ा रहा है और साथ ही अंडमान के अल्ट्रा-डीपवॉटर क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहा है, जिन्हें लंबे समय से संभावनाशील लेकिन कम खोजे गए क्षेत्र माना जाता रहा है। बीपी, एक्सॉनमोबिल, टोटलएनर्जीज और पेट्रोब्रास जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी यह दर्शाती है कि भारत जटिल समुद्री क्षेत्रों में तेजी से परिणाम पाने के लिए तकनीक और विशेषज्ञता आयात करने को तैयार है। यह केवल ड्रिलिंग गतिविधि का विस्तार नहीं, बल्कि एक रणनीतिक उछाल है। डीपवॉटर अन्वेषण महंगा और अनिश्चित होता है, लेकिन इसमें बड़े भंडार मिलने की संभावना होती है, जो भारत के ऊर्जा संतुलन को बदल सकती है। अरबों डॉलर का निवेश यह दिखाता है कि ऊर्जा सुरक्षा अब राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। सरकार अब रसोई गैस (एलपीजी) पर निर्भरता कम करने के लिए एथेनॉल का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एथेनॉल बेस्ड कुकिंग स्टोव (चूल्हे) बनाने पर काम हो रहा है। हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी बेहद शुरुआती चरण में है। सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल बढ़ाना भी इस दिशा में अहम कदम हो सकता है। हालांकि इसमें भी समस्या सप्लाई चेन की ही है। हम ईवी के लिए अभी बड़े पैमाने पर चीन व अन्य देशों पर निर्भर हैं। ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भता ही सर्वोत्तम विकल्प है। वैश्वीकरण के मौजूदा दौर में जब दुनिया सप्लाई चेन के लिए एक-दूसरे पर आश्रित हो गई है तो भी जरूरी है कि ऐसे स्त्रोतों का विविधीकरण करके किसी एक पर ही निर्भर न रहा जाए।

## रामनवमी पर विशेष

मुनीष भाटिया




# आध्यात्मिक चेतना और दर्शन के शाश्वत प्रतीक हैं श्रीराम

मानव जीवन एक सतत यात्रा है-सत्य, प्रेम और आत्मबोध की यात्रा। इस यात्रा में राम एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमारे साथ रहते हैं। वे केवल इतिहास या ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के अंतर्मन में बसने वाली वह चेतना है, जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। उनका नाम केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने की अनुभूति है। आज का समाज अनेक विभाजनों में बंट चुका है-जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर। इन विभाजनों ने मानवता की मूल भावना को कमजोर कर दिया है। लेकिन राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म वही है, जो सबको साथ लेकर चले। शबरी के प्रेम से सिक्त बेर स्वीकार करना, निषादराज को आत्मीय मित्र बनाना और हनुमान जैसे भक्त को हृदय से लगाना-ये सभी प्रसंग यह दर्शाते हैं कि राम के लिए कोई भी ऊंच-नीच या भेदभाव नहीं था। वे समरसता और समानता के सच्चे प्रतीक हैं। राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन के हर संबंध और हर भूमिका में मर्यादा का पालन किया। चाहे वह पुत्र के रूप में पिता के वचन का पालन हो, राजा के रूप में प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व, या एक मित्र के रूप में निष्ठा-हर स्थान पर उन्होंने आदर्श स्थापित किए। आज जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों के कारण मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तब राम का जीवन हमें अनुशासन और संयम का महत्व याद दिलाता है। उन्होंने चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि कर्तव्य और वचन की मर्यादा सर्वोपरि होती है। राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मनुष्य अपने कर्मों और आचरण से ही महान बनता है। वे हमें यह समझाते हैं कि "पुरुष" से "पुरुषोत्तम" बनने की यात्रा बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तय होती है। जब व्यक्ति लोभ, मोह, अहंकार और वासना जैसे बंधनों से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करता है, तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप के निकट पहुंचता है। राम का यह संदेश हमें आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है। मानव की सबसे बड़ी चुनौती उसकी अनियंत्रित इच्छाएं हैं, जो उसे भ्रम और पतन की ओर ले जाती हैं। इसके विपरीत, रावण का चरित्र यह दर्शाता है कि ज्ञान और शक्ति होते हुए भी यदि व्यक्ति अपने अहंकार और वासना पर नियंत्रण नहीं रखता, तो उसका विनाश निश्चित है। इस प्रकार राम और रावण का अंतर केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक मूल्यों का अंतर है। राम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश "निष्काम कर्म" का है- ऐसा कर्म, जिसमें फल की अपेक्षा न हो। जब व्यक्ति बिना स्वार्थ के अपना कर्तव्य निभाता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनता है। आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि उसने आंतरिक संतोष और शांति को पीछे छोड़ दिया है। राम का मार्ग हमें सादगी, संतुलन और आत्मिक संतोष की ओर लौटने का आह्वान करता है। सत्य और धर्म राम के जीवन के मूल आधार रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में सत्य का साथ दिया, चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। यह हमें सिखाता है कि सच्चाई का मार्ग भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन अंततः वही स्थायी विजय का मार्ग है। इसी संदर्भ में आज के समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच व्यक्ति स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राम का जीवन हमें आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। वे सिखाते हैं कि बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी आवश्यक है। यदि मन अशांत है, तो कोई भी उपलब्धि हमें संतुष्टि नहीं दे सकती। इसलिए राम का मार्ग केवल नैतिकता का ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन का भी मार्ग है। इसके अतिरिक्त, राम का जीवन नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा के रूप में सदैव प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। आज के नेतत्वकर्ता यदि राम के इस गण को अपनाएं

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित

दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित

प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## राम की मूर्ति को अंतिम रूप



महाराष्ट्र के नागपुर में चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान राम नवमी से पहले एक कलाकार भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहा है।

## आज की पाती

### परमात्मा बेईमानी-चालाकी सब देखते हैं

दुनिया की नजर से बचकर हम चालाकियां और बेईमानियां कर सकते हैं, लेकिन जो हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रख रहा है, उससे हम कुछ नहीं छुपा सकते। हम सब जानते हैं कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस अटल सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए बेईमानी और अन्य गलत कामों को करने से परहेज नहीं करते, बेशक उन्होंने बुरे कर्मों का नतीजा भुगता ही क्यों न हो, लेकिन फिर भी वो दुनिया से नजर बचाकर बेईमानी और चालाकी करने से बाज नहीं आते। परमात्मा हमारी अंतरात्मा पर भी नजर रखता है, वो हमारी सोच, मन, मस्तिष्क में क्या चल रहा है, उसको भी देखता है। परमात्मा की नजर में हमारे कर्म रिकॉर्ड होते हैं।

*- विजय देवांगन, कुम्हारी*

## करंट अफेयर

# ईरान में छिड़ी जंग से ज्यादा परेशान ये मुल्क

ईरान में अमेरिका और इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान के तेल कुएं हों या फिर गैस फील्ड, सभी को अमेरिका और इजरायल ने टारगेट किया है। वहीं ईरान ने भी संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और बहरीन समेत कई ऐसे देशों पर हमले किए हैं, जहां से बड़ी संख्या में तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में की जाती है। इस जंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बाधित किया है, जहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल कारोबार होता है। इसके चलते भारत समेत कई देशों में तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह है कि भारत ने अपनी तेल की जरूरतों को डाइवर्सिफाई किया है।



## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है



## ट्रेंड

### शांति और स्थिरता पर चर्चा



राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ट्रांसजेंडर विधेयक



भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडरों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर खुला हमला है। यह प्रतिगामी विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों से उनकी स्वयं की पहचान करने का अधिकार छीन लेता है, जो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आईपीडी टावर की उपेक्षा



जयपुर के महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट) में बन रहा आईपीडी टावर भी आज भाजपा सरकार की उपेक्षा का शिकार है। हमारी कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2023 में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया था।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### बिहार में अपराध



बिहार मे अपराधियो का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और दरोगा का कुछ नहीं बिगड़ता। ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी ना समझें।

-तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

## संक्षेप

### सपा कार्यालय में सम्राट अशोक जयंती मनाई गई

**जिला अध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित**

अमेठी , गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके जीवन, व्यक्तित्व और आदर्शों को स्मरण किया। वक्ताओं ने सम्राट अशोक को एक महान शासक बताया, जिन्होंने अहिंसा, शांति और धर्म के मार्ग को अपनाकर विश्व को नई दिशा दी। जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट अशोक का जीवन प्रेरणादायक है। उन्होंने उल्लेख किया कि कलिंग युद्ध के बाद अशोक का हृदय परिवर्तन यह दशार्ता है कि शक्ति से अधिक मानवता और करुणा महत्वपूर्ण हैं। उनके सिद्धांत वर्तमान समय में भी प्रासंगिक हैं, जब समाज को भाईचारे और शांति की आवश्यकता है। यादव ने कार्यकताओं से सम्राट अशोक के आदर्शों को अपनाने और समाज में सौहार्द, एकता तथा सद्भाव को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम में दीपू तिवारी और मुकेश वर्मा सहित कई प्रमुख सपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने सम्राट अशोक के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया।

### ईरान के लिए अनोखा डोनेशन अभियान

**ग्रामीणों ने पैसे, जेवर, बर्तन दान किए; दिल्ली दूतावास भेजे जाएंगे**

अमेठी , शिया बाहुल्य भनौली गांव में ईरान की मदद के लिए एक अनोखा डोनेशन अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें नकद धनराशि के साथ-साथ जेवरात और घरेलू बर्तन भी दान किए गए। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सभी ने इस मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। छोटे बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर पैसे दिए, जबकि महिलाओं ने नकद राशि के अलावा अपने जेवर और घर के बर्तन तक दान कर दिए। ग्रामीणों द्वारा जुटाई गई यह सहायता भारत स्थित ईरान के दूतावास तक पहुंचाई जाएगी। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना है।

### व्यापारियों को साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताए

**रामगंज में साइबर क्राइम थाना ने 'साइबर संवाद' बैठक का आयोजन**

अमेठी , रामगंज बाजार में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक 'साइबर संवाद' बैठक का आयोजन किया गया। साइबर क्राइम थाना की ओर से आयोजित इस बैठक में व्यापारियों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी और महिला प्रकोष्ठ की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सारस संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों ने लिया सारस मित्र बनने का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। सारस क्रेन के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देव संस्कृतिग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व राष्ट्रपति पुरस्कृत पर्यावरणविद् अयुष वर्मा ने किया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पर्यावरण और जैव विविधता के महत्व को समझाने के साथ हुई। छात्रों को बताया गया कि सारस क्रेन, जो भारत का सबसे ऊंचा उड़ने वाला पक्षी है, वर्तमान में आवास की कमी, प्रदूषण और मानवीय हस्तक्षेप जैसी समस्याओं के कारण संकट का सामना कर रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि यह पक्षी पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के साथ भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति और वन्यजीवों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने छात्रों से पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने और जीव-जंतुओं की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की।

कार्यक्रम में बॉर्डर ग्रीन डेवलपमेंट फेडरेशन के प्रतिनिधि वरुण श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सारस क्रेन संरक्षण के लिए किए जा रहे जमीनी प्रयासों और सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को ह्लसारस मित्रह्व बनकर इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने सारस क्रेन और पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रिंस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष सम्मान हासिल किया।

कार्यक्रम में कई छात्रों को ह्लसारस मित्रह्व के रूप में नामित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में संरक्षण और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, संवाद सत्रों और चचाओं के माध्यम से छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अंत में अयुष वर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से प्रेरित होकर अधिक लोग सारस क्रेन और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएंगे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में मरीजों की भारी भीड़

## मौसम बदलनें से बड़े सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीज

**सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा हेतु बच्चों कों एचपीवी टीका की दी जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। सीएचसी चरदा में शनिवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। अस्पताल के पर्चा काउंटर, ओपीडी और जांच काउंटर पर मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। ओपीडी में नए और पुराने मिलाकर लगभग 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गईं। इसके अतिरिक्त 50 से अधिक मरीजों के रक्त नमूने लेकर एलएफटी, केएफटी, टीएलसी और मलेरिया जैसी विभिन्न जांचें करवाई गईं। हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. महेश विश्वकर्मा सहित कई चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श और दवाएं प्रदान कीं। अधीक्षक डॉ श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वर्तमान में मौसम तेजी से बदल रहा है, ऐसे में सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम और बुखार के आ रहे हैं, जिनकी दवाइयों के साथ-साथ बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक जांचें भी कराई जा रही हैं। दिन में तेज धूम के कारण गर्मी और शाम ढलते ही तापमान में तेजी से गिरावट की वजह से वायरल संक्रमण, पेट दर्द, खांसी, बुखार, एलर्जी, बच्चों में निमोनिया, स्क्रीन जनित बीमारिया के मामले ज्यादातर सामने आ रहे है।

# शमशान भूमि की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को नानपारा एसडीएम ने कराया जमींदोज

## अवैध कब्जे की शिकायत पर एसडीएम नानपारा का कड़ा रूख

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। तहसील नानपारा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। एसडीएम की तत्परता के चलते शिकायत मिलते ही राजस्व टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को कब्जामुक्त करा दिया गया। ग्राम पंचायत कलवारी में गाटा संख्या 704, रकबा 0.293 हेक्टेयर भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में शमशान भूमि के रूप में दर्ज है, पर कुछ लोगों द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा था। दूरभाष पर प्राप्त हुई शिकायत के सम्बन्ध मौके पर पहुंची राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराकर पुनः सुरक्षित कराया गया।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर न सिर्फ कब्जा हटाया जाएगा, बल्कि दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपेक्षा की है कि स्वेच्छा से अवैध कब्जों को हटा लें अन्यथा की स्थिति में कब्जा हटाने के साथ साथ सम्बन्धित के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

# असेंबली का गार्डन चर्च स्कूल का वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। ए.जी.सी. विद्यालय ने 28 मार्च 2026 को अपना 38वां वार्षिक पुरस्कार दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह कार्यक्रम ए.जी.सी. स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विशेष अतिथियों ने भाग लिया, ताकि विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान किया जा सके। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबन्धक महोदय श्रीमान आर. रेम्बल के प्रार्थना और गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद ध्वज प्रस्तुति ( ऑफिस बियररर्स द्वारा मार्च करते हुए) की गई। वार्षिक पुरस्कार दिवस की मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा हर्ष (एम.ए, पी.एच.डी. मनोबिज्ञान), जो देहरादून के माउंट फोर्ट अकादमी की सेवानिवृत प्राचार्या हैं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुधीर हर्ष (वन अनुसंधान संस्थान, भारत) तथा सुश्री कृस्टियाने ज़िल्के (ओ टी नर्स, जर्मनी)एवम Mrs. Vogueनेपाल 2026 रह चुकीं श्रीमती पी. तोमर (जो इस विद्यालय की पूर्व छात्रा भी रह चुकि हैं) शामिल रहीं। विद्यालय के नर्सरी से कक्षा 11 तक के द्वारा क्वायर सांग, ग्रुप सांग, फैशन शो, जुंबा सांग, नेपाली कल्चरल डांस, एलोक्यूशन पोयम, सेव ट्रीज, पंजाबी डांस, हिंदी ड्रामा, अंब्रेला डांस, कव्वाली, बंगाली डांस, भांगड़ा, प्रेयर डांस, पियानो, ड्रम, गिटार, ड्रम, म्यूजिक शो आदि प्रस्तुत किए गए, विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत, नाटक, कविता और अइफरट संगीत शामिल थें। इन कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती जेनीफर डी. रेम्बल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और छात्रों को निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और सफलता प्राप्त करने में अनुशासन, मेहनत और समर्पण के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए सुखद और यादगार स्मृतियाँ रह गई। मुख्य अतिथि सुषमा हर्ष द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया, प्रिंसिपल जेनिफर जी द्वारा बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अपने क्लास में मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यायल प्रबंधक आर रंबल, शिक्षक अमित श्रीवास्तव, प्रतीक्षा श्रीवास्तव, अंकुर त्रिपाठी इंदर गर्ति, जॉन सर, राम त्रिवेदी, एंड्रियास मशीह आदि उपस्थित रहे।

# पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह, पंपों पर भीड़

## लोग डिब्बे-बोतल लेकर पहुंचे, प्रशासन ने की अफवाहों से बचने की अपील

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , जिले में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाह फैलने के बाद कई पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विशेषकर लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर स्थित पंपों पर लोग ईंधन भरवाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। जिलाधिकारी संजय चौहान ने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। मुसाफिरखाना स्थित 'मां का आशीर्वाद फीलिंग स्टेशन' पर दोपहिया वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। अफवाह से डरे लोग अपने साथ डिब्बे और बोतलें लेकर भी पेट्रोल भरवाने पहुंचे। कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन न मिलने से लोगों में और अधिक हड़बड़ाहट फैल गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, पंप प्रबंधन ने दोपहिया वाहनों को केवल 100 रुपये का पेट्रोल देना शुरू किया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि अधिक से अधिक लोगों को ईंधन मिल सके। पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल या डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यह पूरी तरह से अफवाह का असर है, जिसके कारण लोग घबराकर जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने एक बार फिर लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की। उन्होंने दोहराया कि जनपद में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन ने नागरिकों से संयम बरतने और अनावश्यक भीड़ न लगाने का आग्रह किया है।

# भाजयुमो मंत्री पर देह व्यापार का केस

## फायरिंग के आरोप में जेल में बंद है, उसका साथी भी गिरफ्तार हुआ

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के मामले में फरार चल रहे आरोपी गोविंदा उर्फ विकास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, सराय हकीम फायरिंग के मामले में जेल में बंद गोविंदा के साथी भाजयुमो मंत्री योगेंद्र उर्फ योगी पर भी देह व्यापार का मामला तामील कराया गया है।

### होटल पर छापे में उजागर हुआ था नाम

12 जनवरी की रात सारसौल में हुए एक विवाद के बाद पुलिस ने सूतमिल क्षेत्र के दो होटलों पर छापेमारी की थी। इस दौरान भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री और कई युवक-युवतियों को पकड़ा गया था। जांच में सामने आया था कि इन होटलों का संचालन भाजयुमो मंत्री योगेंद्र उर्फ योगी और गोविंदा कर रहे थे। पुलिस ने इनके खिलाफ बन्नादेवी थाने में मुकदमा दर्ज किया था। तभी से दोनों फरार चल रहे थे।

### गैंगवार के बाद खंगाली फाइलें

सराय हकीम कांड के बाद पुलिस अब पुराने लंबित मामलों की फाइलें भी खोल रही है। योगेंद्र उर्फ योगी को पुलिस पहले ही सराय हकीम कांड में जेल भेज चुकी है। अब देह व्यापार के मामले को भी इसके रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है।

### आरोपियों ने बंद किए सोशल मीडिया अकाउंट

कई आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट तक बंद कर दिए हैं। पुलिस सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से उनकी तलाश कर रही है। सीओ द्वितीय धनंजय सिंह का कहना है कि पुलिस की टीम फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। इसमें कई और नाम सामने आए हैं।

### अटव छात्र भी सराय हकीम कांड में आरोपी

सिविल लाइंस पुलिस ने दो दिन पहले एएमयू छात्र हमजा को फायरिंग के आरोप में पकड़ा था। बन्नादेवी पुलिस ने उसे कोर्ट में तलब कर सराय हकीम फायरिंग कांड का अपराध भी उस पर तामील करा दिया है। यशनंदन गुप्ता को मिली आंशिक राहतसराय हकीम कांड के एक अन्य आरोपी यशनंदन गुप्ता को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री राकेश सहाय पर हुए हमले के मामले में कोर्ट से जमानत मिल गई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता हरिओम वार्ष्णेय ने बताया कि सिविल लाइंस थाने में मारपीट और एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज था।

सराय हकीम कांड में पकड़े जाने के बाद पुलिस ने यह मुकदमा भी यशनंदन पर तामील कराया था।

# स्मैक तस्कर की संपत्ति की नपाई शुरू

## 80 करोड़ की संपत्ति फ्रीज होने के बाद बुलडोजर कार्रवाई की संभावना

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , स्मैक तस्कर रियाज खां उर्फ बाबू पडेरा की 80 करोड़ रुपये की संपत्ति फ्रीज होने के बाद अब उस पर बुलडोजर कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है। शनिवार को तिलहर सीओ, राजस्व और नगर पालिका की एक टीम तस्कर के घर, शोरूम और अन्य संपत्तियों पर पहुंची। पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व टीम ने स्मैक तस्कर की संपत्तियों की नापजोख की। विभिन्न स्थानों पर फीते से माप ली गई। अधिकारियों का मानना है कि जांच में अवैध निर्माण पाए जाने पर बुलडोजर एक्शन हो सकता है। यह कार्रवाई थाना कटरा क्षेत्र में चल रही है। नगर पालिक कर रही जांच थाना कटरा क्षेत्र निवासी स्मैक तस्कर रियाज खां बाबू पडेरा ने अवैध स्मैक तस्करी से अकूत संपत्ति अर्जित की है। उसके कुछ रिश्तेदार भी इस अवैध कारोबार में शामिल थे, जिन्हें मुजफ्फरनगर पुलिस ने पहले गिरफ्तार किया था। रियाज खां को नारकोटिक्स टीम ने भी गिरफ्तार किया था। हाल ही में, शाहजहांपुर पुलिस ने एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देश पर उसे पहली बार गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को पुलिस ने तस्कर के आठ खेत, दो ईंट भट्टे, एक कॉम्प्लेक्स, दो मकान, एक कार और दो ट्रैक्टर सीज किए थे। इन संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 80 करोड़ रुपये बताई गई थी। इस कार्रवाई के बाद और भी सख्त कदम उठाए जाने की संभावना जताई गई थी। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि संपत्ति की जांच के लिए राजस्व और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची है। जांच प्रक्रिया जारी है और इसके पूरी होने के बाद ही आगे की जानकारी दी जा सकेगी।



# पूर्व प्रधान की हत्या तीसरा आरोपी गिरफ्तार

## 25 हजार का था इनाम, अवैध संबंधों के चलते हुई थी हत्या

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पूर्व प्रधान की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अवैध संबंध और सुनियोजित साजिश से जुड़े इस हत्याकांड में पुलिस ने तीसरे आरोपी अरुण उर्फ रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया है, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसे मान्धाता मोड़ के पास से पकड़ा गया। इस मामले में पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। यह मामला मान्धाता थाना क्षेत्र के मिसिरपुर मुस्तर्का गांव का है। वादी ने पुलिस को बताया था कि उनके पिता 18 मार्च 2026 को मोटरसाइकिल से प्रयागराज जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। 20 मार्च को उनकी गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस की जांच में यह मामला हत्या का निकला। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी सुमन देवी ने अतुल कुमार और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर वादी के पिता को अपने मायके बगियापुर (थाना जेठवारा) बुलाया। वहां पूर्व नियोजित योजना के तहत उनकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को बोरे में भरकर सहायक शारदा नहर में फेंक दिया गया था। 22 मार्च को नहर से शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान परिजनों ने पूर्व प्रधान के रूप में की थी। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी अरुण ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि उसने अपने साथी अतुल और सुमन के साथ मिलकर हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने में मदद की थी। आरोपियों ने शव को बोरे में भरकर मोटरसाइकिल से ले जाकर नहर में फेंका और मृतक की बाइक को किसी अन्य स्थान पर छोड़ दिया ताकि किसी को शक न हो। घटना के बाद से ही अरुण फरार चल रहा था और लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

# सामूहिक दुष्कर्म दोषी को 20 साल कठोर कारावास

## प्रतापगढ़ कोर्ट ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, जिले की एक अदालत ने सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश पारुल वर्मा की अदालत ने मानिकपुर निवासी दीपू को सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी के आरोप में दोषी करार दिया। उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि अर्थदंड की पूरी राशि दोनों पीड़िताओं को दी जाएगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 20 सितंबर 2015 की शाम करीब पांच बजे हुई थी। वादी की 13 वर्षीय बेटी और परिवार की एक अन्य 13 वर्षीय लड़की घर के पास स्थित बाग में गई थीं। रास्ते में धान के खेत में पहले से छिपे चार युवकों ने उन्हें रोका और मुंह दबाकर उनके साथ दुष्कर्म किया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी तब तक नाम बताते हुए मौके से फरार हो चुके थे। जब घटना की जानकारी आरोपियों के परिजनों को दी गई, तो उन्होंने वादी पक्ष के साथ मारपीट की और उन्हें धमकियां दीं। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में कुल 11 गवाह पेश किए गए, जिनके बयानों और साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी दीपू को दोषी ठहराया गया। हालांकि, इसी मामले में अन्य दो आरोपी शोभलाल पटेल और करन को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। अदालत ने पीड़िताओं को रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के तहत नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया है। इस मुकदमे में राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार त्रिपाठी ने पैरवी की।

## संक्षेप

### जेठ ने विधवा भाभी को गोली मारी

**जमीन विवाद में महिला की ली जान, आरोपी फरार, पति की सड़क हादसे में हुई थी मौत**

बागपत, खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर गांव में एक विवाहिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि महिला के जेठ ने जमीन विवाद को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मृतका की पहचान अंकिता के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अंकिता और उसके जेठ के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ समय पहले अंकिता के पति दो महीने पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी, जिसके बाद से परिवार में तनाव बढ़ गया था।बताया जा रहा है कि आज मामूली कहासुनी के बाद जेठ ने अंकिता पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। एएसपी प्रवीण सिंह चौहान ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपी के गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया है और जल्द आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं

### वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

**छपरौली पुलिस ने चोरी की चार बाइकें बरामद कीं**

बागपत , छपरौली थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के 3 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। ये चोर अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। छपरौली थाने में 25 मार्च को कुरड़ी निवासी प्रवीण ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की तहरीर दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मनीष, अक्षय और प्रियांक को आदर्श नगला, छपरौली से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कुल चार चोरी की मोटरसाइकिलें मिली हैं। इनमें से दो मोटरसाइकिलें बागपत के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी हुई थीं, जबकि दो हरियाणा से चुराई गई थीं।फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार चोरों के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। छपरौली थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि वाहन चोरों की गिरफ्तारी कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**मवीकलां गांव में खेत जाते समय बाइक ने मारी टक्कर**

बागपत , मवीकलां गांव में एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला संतरा देवी की मौत हो गई। संतरा देवी पत्नी राज सिंह अपने घर से सड़क पार कर खेत में काम करने जा रही थीं, तभी गाजियाबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार थे।टक्कर इतनी जोरदार थी कि संतरा देवी को सिर में गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। उन्होंने तुरंत घायल महिला को उठाया और जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने संतरा देवी का परीक्षण किया और उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची ।

# मुख्यालय सभागार में आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

## कार्यक्रम अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया आय व्यय का ब्योरा

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। पिछले वित्तीय वर्ष 2025 26 में विकास कार्यों में खर्च की गई धनराशि का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने एवं नए वित्त वर्ष के विकास कार्यों को प्रस्तावित करने के लिए विकासखंड मुख्यालय परिसर के सभागार में खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे के तत्वावधान में आयोजित क्षेत्र पंचायत की वार्षिक बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत सदस्य कांति देवी ने किया इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025 -26 में कुल 373 लाख की धनराशि विकास कार्यों में खर्च की गई तथा राज्य वित्त में 84 लाख की धनराशि अवशेष तथा 15वें वित्त में 2 करोड़ 56 लाख की धनराशि अवशेष है अवशेष धनराशि से विकास कार्य कराने के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों से लिए गए प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर पारित किया गया है इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ कटियार पुष्कर कटियार सीडीपीओ अजय सिंह पूर्ति निरीक्षक सुरेश चंद्र पटेल ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित कर सरकार का संचालित योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी मुन्नालाल जयनारायन वर्मा जिला पंचायत प्रतिनिधि बृजेश पटेल तथा ग्रामीण क्षेत्रों के क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने आयोजित बैठक में हिस्सा लिया

# नवीन शिक्षा सत्र को लेकर ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुई बैठक

## खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दिए शिक्षकों को जरुरी दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। विकासखंड मुख्यालय परिसर अंतर्गत संचालित बीआरसी के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी श्रवण कुमार पाल ने बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से नवीनतम एवं तकनीकी शिक्षा जानकारियों को साझा करते हुए नये शिक्षा सत्र 2026 - 27 की तैयारियों के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए बच्चों को परीक्षा परिणाम वितरित करने के पश्चात नये शिक्षा सत्र की शिक्षण सामग्री भी वितरित करने के लिए निर्देशित किया तथा निर्वाचन कार्यो में काम कर रहे कर्मियों को निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया इस दौरान प्रधानाचार्या मनीषा शुक्ला सरोज सोनकर सुमन वर्मा सीमा वर्मा अंबे देवी शुभा मिश्रा लता उत्तम अवस्थी मयंक कटियार अनिल वर्मा मधुसूदन सिंह सौरभ उमराव अशोक कुमार कमल किशोर प्रदीप शुक्ला अमित श्रीवास्तव मोहम्मद रशीद मीनाक्ष देव विनोद वर्मा ऋतुराज वर्मा समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने आयोजित समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की

# कैलाश डेरी पर बंद हुआ स्नैक काउंटर



**कॉमर्शियल सिलिंडर नहीं मिलने से शहर में रेस्टोरेंट, फूड शॉप पर बदला मेन्यू**


अमन लेखनी समाचार

मेरठ , कॉमर्शियल गैस सिलिंडरों की भारी किल्लत के कारण शहर में हालात बिगड़ गए हैं। स्थिति यह है कि मशहूर हरिया जी लस्सी वालों को भी समोसे बनाना बंद करना पड़ा है। शास्त्रीनगर, बुढ़ाना गेट और कंकरखेड़ा जैसे प्रमुख इलाकों में समोसा, कचौरी और टिक्की की कई दुकानें बंद हो चुकी हैं।दुकानदारों का कहना है कि गैस सिलिंडर उपलब्ध न होने से कारोबार चलाना मुश्किल हो गया है। शास्त्रीनगर स्थित हरिया जी लस्सी वाले के संचालक सुनील साहू ने बताया कि सिलिंडर नहीं मिलने के कारण फिलहाल समोसे बनाना बंद कर दिया गया है। साकेत क्षेत्र में स्थित कैलाश डेरी एंड स्वीट्स के संचालक राजा अग्रवाल ने बताया कि शहर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत का सीधा असर उनके कारोबार पर पड़ा है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि उन्हें अपने स्नैक्स काउंटर–समोसे, ब्रेड पकोड़े, कचौरी, सब्जी, जलेबी समेत मिठाई बनाना पूरी तरह बंद करना पड़ा है।

# महिला कांस्टेबल को कार में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास

## नोएडा के सिपाही पर लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , जिले में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने नोएडा के सिपाही पर खुद को कार में खींचकर रेप के प्रयास का आरोप लगाया है। महिला कांस्टेबल का रोप है कि सिपाही ने उसे कार में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास किया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से की है। इस मामले की जांच सीओ कैंट नवीना शुक्ला को सौंपी गई है। एसएसपी कार्यालय में दी गई शिकायत में पीड़िता ने कहा है कि पूर्व में उसकी तैनाती नोएडा के एक थाने में थी। इसी दौरान उसकी पहचान आरोपी सिपाही से हो गई। दोनों सिपाही विवाहित हैं।थाने में महिला ने की थी शिकायत महिला कांस्टेबल का आरोप है कि सिपाही ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब वो नोएडा में तैनात थी तब उसकी दोस्ती उस सिपाही से हुई थी। जरुरत पड़ने पर महिला ने उक्त सिपाही से 40हजार रुपए लिए थे। इसके बाद से ही आरोपी सिपाही उसके पीछे पड़ गया। तब पीड़िता ने इसकी शिकायत नोएडा में तत्कालीन थानाप्रभारी से की थी। पीड़िता का पति भी कांस्टेबल पीड़ित महिला पुलिसकर्मी ने बताया कि उसका पति भी कांस्टेबल है। दोनों मेरठ में रहते हैं। महिला सिपाही हाल ही में गौतमबुद्धनगर से मेरठ में तैनात हुई है। पांच साल तक गौतमबुद्धनगर में रह चुकी है। पीड़िता का आरोप है कि नोएडा के सेक्टर 20 थाने में हेडकांस्टेबल से मुलाकात हो गई। आरोपी हेडकांस्टेबल शामली का रहने वाला है। उसके बाद दोनों में पैसे का लेन-देन भी होने लगा। तभी से ही हेडकांस्टेबल गलत नजर रखने लगा था। इसकी शिकायत थाना प्रभारी से भी की गईं थी। मेरठ में स्थानांतरण होने के बाद हेडकांस्टेबल लगातार शारीरिक संबंध के लिए दबाव बना रहा था।ईद के दिन किया खींचने का प्रयास आरोपित ईद के दिन मेरठ आया था। पीड़िता ईद की ड्यूटी पर तैनात थी। आरोपी ने उसे अपने साथ चलने के लिए मजबूर किया। उसके विरोध करने पर मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। उसके बाद घर के नंबर पर मोबाइल वापस करने के लिए कंकरखेड़ा बुलाया। एरा गेट पर कार में खींच कर दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर स्कूटी की चाबी भी छीन कर ले गए। उसने घटना की जानकारी पति को दी। दो बच्चों का पिता है आरोपित एक दिन पहले पीड़िता पति के साथ एसएसपी आफिस पर पहुंची और हेडकांस्टेबल की हरकतों के बारे में बताते हुए शिकायत दी। पीड़िता ने बताया कि जब वह नोएडा में थी तो आरोपित भी उसी थाने में तैनात था। वह दो बच्चों का पिता है। नोएडा से ड्यूटी छोड़कर यहां आता है और उसे परेशान करता है। सीओ के सामने पीड़िता ने पति के साथ बयान दर्ज कराए। बयान में में भी महिला सिपाही ने हेडकांस्टेबल पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है।

# पीएनजी पाइपलाइन बिछाने की तैयारी तेज

**औद्योगिक–रिहायशी इलाकों में गैस सप्लाई होगी, डीएम की अध्यक्षता में समिति का गठन**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, औद्योगिक और रिहायशी इलाकों में पाइप्ड नेचुरल गैस की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। गैस पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति का गठन किया गया है, जिसकी जल्द ही बैठक आयोजित की जाएगी।समिति में जिलाधिकारी को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि पुलिस अधीक्षक सदस्य सचिव और जिला पूर्ति अधिकारी संयोजक होंगे। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी और पीवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता, इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के अधिकारी, गेल और आईजीएल गैस कंपनियों के प्रतिनिधि तथा स्थानीय उद्यमियों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह के अनुसार, समन्वय समिति की बैठक में गैस कंपनियों के सामने आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही उद्यमियों के माध्यम से यह भी चिन्हित किया जाएगा कि किन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर पाइपलाइन बिछाई जा सकती है।



प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द शहर के अधिक से अधिक हिस्सों में पीएनजी की सुविधा पहुंचाई जाए, जिससे उद्योगों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा मिल सके

# पत्नी और बॉयफ्रेंड का मर्डर करने वाला अरेस्ट

## पति बोला-जिंदगी भर कमाकर दिया, उसने मेरा भरोसा तोड़ा

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, डबल मर्डर के आरोपी राशिद को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। उसे रात एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया है। उस पर ट्रोनिका सिटी में पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड की हत्या का आरोप है। हत्या आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल है। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।पुलिस ने उसके पास से हत्या में इस्तेमाल एक तमंचा और 2 कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी ने बताया कि राशिद ई ब्लॉक रामपार्क कॉलोनी थाना ट्रोनिका सिटी का रहने वाला है। राशिद ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि मुझे पत्नी की हत्या का कोई पछतावा नहीं है। मैंने पत्नी शबनम को समझाने का प्रयास किया था। जिंदगी भर कमाकर उसे दिया, उसके नाम मकान खरीदा। उसके बाद भी उसने मेरा भरोसा तोड़ा। एक महीना पहले मैं दिन में बाहर गया था, जब अचानक से घर पर आया तो देखा कि पत्नी शबनम अपने प्रेमी फहीम के साथ न्यूड सोई हुई थी।मैं देखकर चला गया। मैंने उसे दिन सोचा लिया था कि दोनों को जिंदा नहीं छोड़ूंगा। फहीम मेरे साथ काम करता था, जिससे 8 साल से दोस्ती थी। उसके बाद भी वह मेरी पत्नी से निकाह करना चाहता था। पत्नी तलाक मांगती थी। राशिद ने कहा कि मुझे 2 साल से शक हो रहा था कि पत्नी का प्रेमी के साथ चक्कर है। 15 दिन पहले बेटे की शादी की तो उसके बाद भी उसने प्रेमी से बात करनी नहीं छोड़ी। मैं जिंदगी भर जेल में रह लूंगा लेकिन यह नहीं देख सकता था। राशिद पहले भी चोरी और लूट में जेल जा चुका है।मां कर चुकी है बेटे को बेदखलबेटे की करतूत से नाराज मां अमीर जहां ने मर्डर के बाद बताया- 1 साल पहले मैंने शपथपत्र देकर अपने दोनों बेटों और उनकी पत्नियों को संपत्ति से बेदखल कर दिया था यह भी लिखकर दिया था कि वे मेरे बेटे नहीं हैं और न ही उनकी पत्नियों से मेरा कोई संबंध है। उनके किसी भी काम से मेरा कोई वास्ता नहीं है। राशिद और उसकी पत्नी शबनम का चलन ठीक नहीं है। वह तो मेरे साथ भी मारपीट करता था। उसके खिलाफ शिकायत भी की थी। पत्नी और उसके प्रेमी की हत्या करने के बाद से राशिद फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

# तीन एलपीजी गैस एजेंसी मालिकों पर मुकदमा दर्ज

## गैस की किल्लत दिखाकर अनैतिक गतिविधि में थे संलिप्त, शिकायत पर डीएसओ ने मारा छापा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , तीन एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। जिला आपूर्ति विभाग को इन एजेंसियों के खिलाफ शिकायत मिली थी। जिला आपूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने छापा मारा तो आरोप सही पाए गए डीएम को रिपोर्ट भेजी गई, जिनके आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पहले एक नजर पूरे मामले परमेरठ में एलपीजी गैस की किल्लत का शोर है। इसका कुछ एजेंसी संचालक लाभ उठाते हुए अनैतिक गतिविधियों में शामिल हो रहे थे। जिला आपूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह के पास कुछ एजेंसियों से जुड़ी शिकायत पहुंची। उन्होंने टीम का गठन किया और एजेंसियों पर छापे की कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए। टीम ने शहर की दो और देहात की एक गैस एजेंसी पर छापा मारकर मनमानी पकड़ ली। छापे की पहली कार्रवाई किठौर के ललियाना स्थित आलम इण्डेन ग्रामीण वितरक एजेंसी पर हुई। टीम को सूचना मिली थी कि यहां के सिलेंडर दिल्ली बेचे गए हैं। टीम ने जांच की जिसमें 48 भरे हुए गैस सिलेंडर कम मिले। मैनेजर मुजीबुर रहमान से जब रिकॉर्ड मांगा गया तो वह दिखाने में असमर्थ रहे। छापे की दूसरी कार्रवाई टीपी नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित आभा गैस एजेंसी पर हुई। इस एजेंसी के प्रबंधक अभिषेक हैं। डीएसओ को शिकायत मिली थी की यह एजेंसी उपभोक्ताओं से 910 रुपए के स्थान पर 1185 रुपए वसूल रही है। छापे के दौरान शिकायत सही पाई गई। खास बात यह थी कि यहां भी एजेंसी संचालक के पास सेल-परचेस का कोई रिकॉर्ड नहीं था। जिला पूर्ति कार्यालय की टीम ने छापे की तीसरी कार्रवाई कंकरखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत स्थित सद्भाव गैस एजेंसी पर की। यहां शिकायत मिली थी की होकर सिलेंडर की डिलीवरी के लिए घर जा रहे थे लेकिन ओटीपी लेने के बाद डिलीवरी नहीं दे रहे थे।उस सिलेंडर की डिलीवरी ब्लैक में कहीं और की जा रही थी। लगभग 70 पर्ची ऐसी विभाग की टीम द्वारा पकड़ी गई थी। संचालिका प्रज्ञा पवार के खिलाफ एफआईआर की गई है।

### ब्लैक मार्केटिंग रोकने को आठ टीम

गैस की किल्लत के शोर के बीच कालाबाजारी की शिकायत भी मिलने लगीं थीं। इसको देखते हुए जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने पिछले दिनों कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने आठ टीमों का गठन किया। कंकरखेड़ा में पूर्ति निरीक्षक विशेष कुमार ने एजेंसी संचालिका प्रज्ञा पंवार व हॉकर अकरम शाह, टीपीनगर में पूर्ति निरीक्षक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने एजेंसी प्रबंधक अभिषेक के खिलाफ और किठौर के ललियाना में पूर्ति निरीक्षक अजय कुमार ने मैसर्स आलम इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी के संचालक और एजेंसी के मैनेजर मुजीब-उर-रहमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज दर्ज कराई गई है।

# ग्रेटर नोएडा में मोमोज खाने से एक दर्जन लोग बीमार

**जिला अस्पताल में भर्ती कराया, उल्टी और पेट दर्द की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के दादरी में मोमोज खाने से लगभग एक दर्जन लोग बीमार हो गए। इन सभी को उल्टी, पेट दर्द, सिर दर्द और बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दादरी की नई आबादी निवासी आरिफ ने बताया कि उनके घर पर आए रिश्तेदारों सहित परिवार के 10 सदस्यों ने कल शाम मोमोज खाए थे। मोमोज खाने के बाद आज सभी की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें दादरी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई है। अस्पताल में भर्ती एक अन्य मरीज सैंडी ने बताया कि वह दो दिन से अस्पताल में है। बीमार होने से पहले उसने भी मोमोज खाए थे।यह 3 तस्वीर देखिएङ्गजानकारी के अनुसार, बीमार हुए दो अलग-अलग परिवारों के सदस्यों ने दादरी नगर में तहसील के पास स्थित एक ही मोमोज की दुकान से मोमोज खरीदे थे। मोमोज खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ी और उन्हें दादरी के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

# नोएडा में डिजिटल अरेस्ट करने वाले दो गिरफ्तार

## 1.29 करोड़ की थी धोखाधड़ी, देशभर में बैंक खाते से जुड़ी 8 शिकायतें दर्ज

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, साइबर अपराध थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपये ठगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपियों को टीम पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इनके नाम मध्य प्रदेश के आगरा निवासी नरेंद्र सिंह और भिंड निवासी इंद्रेश है।पुलिस ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर निवासी 72 साल के दिलीप कुमार दास ने 13 मार्च को एफआईआर दर्ज कराई थी । उन्होंने बताया था कि छह फरवरी को उनके पास एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताया और कहा कि पीड़ित के नाम पर एक सिम कार्ड जारी हुआ है, जिसका इस्तेमाल गैरकानूनी कामों में हो रहा है। इसके बाद ठग ने डराते हुए कहा कि मामला गंभीर है और जांच एजेंसियां इसमें लगी हुई हैं। कुछ ही देर बाद ठगों ने वीडियो कॉल कर पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट में होने की बात कही। वीडियो कॉल में उन्होंने कोर्ट जैसी सेटिंग दिखाई, जहां एक व्यक्ति जज की तरह बैठा था और उसके पास एक अन्य व्यक्ति पुलिस अधिकारी की वर्दी में खड़ा था। गिरफ्तारी का दिखाया गया डरइस दौरान पीड़ित को यह विश्वास दिलाया गया कि अगर वह सहयोग नहीं करेगा तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ठगों ने पीड़ित पर लगातार दबाव बनाया और कहा कि उसके बैंक खातों की जांच होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जांच पूरी होने तक उसे घर से बाहर नहीं जाना है

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगा आईएलएस सिस्टम

## कोहरे में सुरक्षित लैंडिंग हो पाएगी, पायलटों को मदद मिलेगी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयारपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट में शामिल हो जाएगा। पहले फेज में यहां 3.9 किलोमीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार किया गया है, जहां विमान समानांतर रूप से उड़ान भरने और लैंडिंग करने में सक्षम होंगे। एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम कैट-ककक लगाया गया है। जिसकी मदद से घने कोहरे, कम विजिबिलिटी और बारिश के दौरान भी विमान सुरक्षित तरीके से उतर सकेंगे।

### देश में तीसरा एयरपोर्ट जहां मिलेगी यह सुविधा

भारत में फिलहाल समानांतर उड़ान और लैंडिंग की सुविधा मुख्य रूप से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (दिल्ली) और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (मुंबई) पर है। अब जेवर एयरपोर्ट भी इस सूची में शामिल हो जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट के चार रनवे एक साथ कई उड़ानों को संभाल सकते हैं, जबकि मुंबई एयरपोर्ट पर भी समानांतर संचालन होता है। जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से उत्तर भारत में हवाई यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है।एक घंटे में 30 विमान का संचालन संभवएयरपोर्ट को पूरी क्षमता से संचालित किए जाने पर यहां एक घंटे में करीब 30 विमान लैंडिंग और टेकऑफ कर सकेंगे।

# सघन चेकिंग के दौरान फर्जी नम्बर प्लेट वाहन व 3 किलो 110 ग्राम अवैध गांजा सहित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चौमास पहाड़ी के पास, बहद ग्राम बागेसोती से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक बोरी में 03 बंडलों में रखा हुआ कुल 3 किलो 110 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, साथ ही एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नूर मुहम्मद पुत्र जलील अहमद (उम्र 28 वर्ष) निवासी ग्राम गिधिया थाना कोन जनपद सोनभद्र के रूप में हुई है, जो थाना कोन का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है। जामातलाशी में अभियुक्त के पास से एक कीपैड मोबाइल फोन एवं ?200/- नकद भी बरामद हुए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोन पर मु0अ0सं0 47/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 318(4), 338, 336(2), 340(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# अवधी को गूगल की भाषा बनाने पर व्याख्यान देंगे ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

## तीस मार्च को लखनऊ में आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर। अवधी भाषा को गूगल की भाषा कैसे बनाया जाय इस विषय को लेकर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' लखनऊ में व्याख्यान देंगे। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के भारतीय भाषा संस्थान व ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा लखनऊ में पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन एवं भविष्य विषय पर अलग अलग दिनों में अलग अलग स्थान पर विभिन्न विद्वानों का व्याख्यान हो रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में सोमवार तीस मार्च को विशिष्ट वक्ता के रूप में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर व चर्चित साहित्यकार ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि अवधी भाषा को गूगल की भाषा बनाकर इंटरनेट पर सशक्त करने को लेकर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम अर्जुनगंज स्थित उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के सभागार में होगा।

# दुद्धी को जिला बनाने की मांग तेज, अनपरा-पिपरी को तहसील का दर्जा देने की उठी आवाज

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट। दुद्धी को जिला बनाए जाने तथा अनपरा व पिपरी को तहसील का दर्जा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को स्थानीय स्तर पर आंदोलन तेज होता नजर आया। मोर्चा के अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता पारसनाथ गुप्त के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी निखिल यादव को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। ज्ञापन के माध्यम से पारसनाथ गुप्त ने बताया कि दुद्धी को जिला बनाने की मांग कोई नई नहीं है, बल्कि वर्ष 1999 से लगातार इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1989 में जब सोनभद्र को जिला बनाया गया था, तभी से दक्षिणांचल क्षेत्र में जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी थी। बावजूद इसके तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए बताया कि दक्षिणांचल का बड़ा हिस्सा आदिवासी बहुल है, जहां आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और प्रशासनिक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। दूर-दराज के गांवों से लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और संसाधनों की भारी बबार्दी होती है। पारसनाथ गुप्त ने कहा कि यदि दुद्धी को जिला घोषित किया जाता है, तो इससे न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई दिशा मिलेगी। आदिवासी समाज को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा और उनकी जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्रफल और प्रशासनिक दृष्टि से दुद्धी जिला बनने के सभी मानकों पर खरा उतरता है, इसके बावजूद सरकार द्वारा अब तक इस पर कोई निर्णय न लेना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन में अनपरा और पिपरी को तहसील का दर्जा देने की भी प्रमुख मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि इन क्षेत्रों में तेजी से जनसंख्या वृद्धि और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के चलते प्रशासनिक इकाइयों का विस्तार अत्यंत आवश्यक हो गया है। तहसील का दर्जा मिलने से स्थानीय स्तर पर राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों का निस्तारण सुगमता से हो सकेगा। इस दौरान मौजूद अनिल कुशवाहा, अरविंद यादव, संजय तिवारी, शुभम थापा सहित अन्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि दुद्धी को जिला तथा अनपरा-पिपरी को तहसील बनाने से पूरे दक्षिणांचल क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

स्थानीय लोगों का मानना है कि क्षेत्रीय जनसमस्याओं का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब प्रशासनिक ढांचे का विस्तार कर उसे स्थानीय स्तर तक सशक्त बनाया जाए।

## खास समाचार

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के संबंध में 01 अभियुक्त गिरफ्तार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की गई। प्रकरण में एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक समुदाय विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए भड़काऊ पोस्ट/ट्वीट किया गया था, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की संभावना थी। उक्त प्रकरण का संज्ञान लेकर थाना दुद्धी पुलिस द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति की पहचान करते हुए दिनांक 26.03.2026 को अभियुक्त शिवम कुमार पुत्र महेश प्रसाद, निवासी वार्ड नं0 09, कस्बा दुद्धी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ओबरा पुलिस द्वारा दुष्कर्म के प्रकरण में वांछित 01 अभियुक्त को 06 घंटे के भीतर किया गया गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त को मात्र 06 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त प्रकरण में थाना ओबरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-58/2026 धारा 333, 64(1), 115(2), 351(3), 127(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त राधेश्याम पुत्र तुलसी दास (उम्र लगभग 40 वर्ष) निवासी ग्राम बिल्ली मारकुण्डी टोला खैरटिया थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 27.03.2026 को समय 06:05 बजे सेक्टर-09 चौराहा ओबरा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# ओबरा पुलिस द्वारा 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**चेकिंग के दौरान भागने की कोशिश कर रहा युवक दबोचा, नगदी व मोटरसाइकिल बरामद।**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। दिनांक 26.03.2026 को उ0नि0 विष्णु प्रभा सिंह मय हमराह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान क्लब नं0-1 क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रही थीं। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए दादाउन चौराहा के पास पकड़ लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अमन डोम पुत्र रिंकू डोम (उम्र लगभग 22 वर्ष) निवासी पहाड़ी सेक्टर नं0-04 थाना ओबरा जनपद सोनभद्र बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक की थैली में 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, 720/- नगद एवं एक काले रंग की टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल बरामद हुई।

# ब्लॉक सभागार बामौर में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



बामौर। ब्लॉक सभागार बामौर में क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख चंद्रभान अहिरवार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार ने पिछले वित्तीय वर्ष में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों से नए प्रस्ताव आमंत्रित किए। खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पेयजल, स्वच्छता, ग्रामीण आवास योजना एवं मनरेगा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडीओ पंचायत बाबू सिंह ने पेयजल व्यवस्था और शौचालय योजना पर प्रकाश डाला। वहीं एडीओ एग्रीकल्चर जनवेंद्र सिंह ने कृषि विभाग की योजनाओं—बीज वितरण, मिनी किट योजना, कृषि यंत्र सब्सिडी तथा फार्मर रजिस्ट्री के विषय में जानकारी साझा की। पशु चिकित्सालय बामौर के प्रभारी डॉक्टर चंद्रप्रकाश ने गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल एवं सुरक्षा के उपाय बताए। एपीओ दीपक सिंह ने बीबीजी-रामजी (पूर्व नाम मनरेगा) से संबंधित जानकारी दी। बैठक के अंत में ब्लॉक प्रमुख चंद्रभान अहिरवार एवं उनके प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनंत देव शर्मा ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमंत यादव, शेर सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव, मनीष, संतोष, जसवंत, गिरीश, राजेश यादव, राजेंद्र सिंह, विनय सिंह, धर्मेंद्र, अवध कुमार सहित ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार तिवारी, अनुज द्विवेदी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, सरजू पाठक, हरेंद्र परिहार आदि उपस्थित रहे।

# समाधान चौपाल सफल रही, अधिकारी और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से समस्याओं का निराकरण

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। जिगना शासन के निर्देश पर प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाली ह्लगांव की समस्या-गांव में समाधानह्व चौपाल बीजर कला गाँव में सफलतापूर्वक आयोजित हुई। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक नोडल अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी पंचायत भवन पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रवि शंकर यादव और पंचायत सचिव प्रमोद कुमार भी समय पर पंचायत भवन पहुंचे और व्यवस्था संभाली। पंचायत सहायक शिवम शर्मा ने समन्वय का कार्य किया। ब्लॉक स्तरीय एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिससे चौपाल सार्थक और उपयोगी साबित हुई। चौपाल में अपनी समस्याएं लेकर सुबह 10 बजे से पहुंचे ग्रामीणों की सुनवाई हुई और उनकी अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर ग्रामीणों की परेशानी दूर करने के प्रयास किए गए। कई ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताईं और अधिकारी उन्हें आश्वासन देते नजर आए। सफाईकर्मी जय सिंह ने सुबह 8 बजे पंचायत भवन की साफ-सफाई कर व्यवस्था को दुरुस्त रखा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी चौपाल में सक्रिय रूप से शामिल हुईं और अपनी बात रखी। ग्राम प्रधान रवि शंकर यादव ने बताया कि वे अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कर रहे हैं। पंचायत सचिव प्रमोद कुमार भी उपलब्ध रहे और प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से चलाया। ग्रामीणों ने इस चौपाल की सराहना की और कहा कि शासन-प्रशासन की मंशा के अनुरूप समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने उच्चाधिकारियों को धन्यवाद दिया कि ऐसी पहल से गांवों में विकास की गति तेज हुई है। पंचायत भवन में व्यवस्थित बैठकों और कुर्सियों की व्यवस्था ने चौपाल को सुचारू और प्रभावी बनाया।

# रामनवमी पर शिक्षा व्यवस्था को नई सौगात

**डायट परिसर में नव निर्मित बीएसए कार्यालय का डीएम व सीडीओ ने किया उद्घाटन।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। रामनवमी के शुभ अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर में नव निर्मित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का उद्घाटन जिलाधिकारी बद्रीनाथ नाथ सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात दोनों अधिकारियों द्वारा कार्यालय में औपचारिक प्रवेश भी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय के सभी कक्षों का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्य में शेष रह गए अधूरे कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने हेतु कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी नए शैक्षिक सत्र से कार्यालय का संचालन व्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिक्षा संबंधी कार्यों में और अधिक गति एवं गुणवत्ता लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी हेमन्त सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती नमिता शरण, जिला परियोजना अधिकारी विनीत सिंह सहित जनपद के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद के सभी विकास खंडों के खण्ड शिक्षा अधिकारी, डी.सी. शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कार्यालय स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# रायबरेली और अमेठी पेट्रोल पंप मलिको की मनमानी पेट्रोल देने से नाकारा कहीं मशीन खराबी तो कहीं पेट्रोल खत्म होने का बताया बहाना

**दोनों जनपदों के पेट्रोल पंपों पर लगी रही भारी भीड़ , फोर व्हीलर से लेकर दो पहिया वाहन की लाईन फिर भी नहीं मिल रहा तेल**

अमन लेखनी समाचार



रायबरेली अमेठी/बृहस्पतिवार दोपहर के बाद दोनों जनपदों के पेट्रोल पंपों पर दो पहिया से लेकर फोर व्हीलर वाहनों की भारी भरकम लाइन की कतार लगी रही फिर भी पेट्रोल पंप मलिको की मनमानी तेल नहीं दिया गया किसी पर पेट्रोल देने से नकारा गया तो कोई मशीन खराब का बहाना बताकर पल्ला झाड़ लिया दोपहर से लेकर शाम तक भारी भरकम भीड़ जुटी रही की अब शायद तेल मिलेगा लेकिन सभी वाहन चालकों को निराशा हाथ लगी और अपना अपना वाहन वापस लेकर लौटना शुरू कर दिया बताते चले की अंतरराष्ट्रीय देशों मे युद्ध के दौरान मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है कही गैस सिलेंडर तो कहीं तेल अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है जबकि विभागीय अधिकारी गैस और तेल दोनों पर्याप्त भंडार होने का दावा कर रहे हैं साथ में अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की जा रही हैं लेकिन हकीकत में गैस एजेंसी और पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भरकम भीड़ इससे क्या समझा जा सकता है कि सरकार क्या झुपाना चाहती है अपनी नाकामी या जिम्मेदारी कयी दिनों से गैस के लिए लोग लाईन में लगे हैं लेकिन बृहस्पतिवार को पेट्रोल लेने के लिए भी लोग दो पहिया वाहन से लेकर फोर व्हीलर और तो और ट्रैक्टर ट्रॉली पर लाद कर कयी ड्रम लेकर टंकी पर तेल भरवाने पहुंचे लोग तो अचानक दोनों जनपदों के पेट्रोल पंप मलिकों द्वारा सीधा तेल देने से इंकार कर दिया गया किसी मलिकों की ओर से बताया गया कि तेल खत्म हो गया है तो कहीं मशीन खराब हो गई शाम तक यही नजारा रहा उक्त जनपदों के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों में यही हाल सोशल मीडिया पर अफवाह देखने को मिली और तो और प्रदेश की राजधानी में भी तेल को लेकर खूब हंगामा चला तब पेट्रोल पंपों पर पुलिस की तैनात की गई कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखें दूसरी बात समस्या के बीच लोगों को तेल महंगाई की सूचना भी मिल गई जिससे लोगों ने कयास और उम्मीद लगाया कि तेल महंगा होने की वजह से ही तेल पेट्रोल पम्प मालिकों ने देना बंद किया ताकि मुनाफा कमा सके शुक्रवार भी यही नजारा रहा कई पेट्रोल पंप बंद रही तो कुछ तेल दे रहे थे वह भी सौ रुपए से लेकर दौ सौ तक डीजल की बात करें तो दो हजार तक बोतल और डिब्बों में तेल देने से साफ इंकार ऐसी हालत में लोगों में भारी आक्रोश रहा कि क्या देखना और सहना पड़ रहा है

## पेट्रोल पंपो पर बड़ा खेला जांच में खुल सकती है पोल

रायबरेली अमेठी/पेट्रोल पंपों पर बड़ा खेल होता है जांच करने से पोल खुलने की सम्भावना हो सकती है दोनों जनपदों में मिलाकर करीब 100 पेट्रोल पंप है तेल देने वाला मजदूर अच्छी तरह से जानता है यहां तक की पानी और घटिया तेल मिलावट कर बेचा जा रहा है नाम न छापने की शर्त पर एक तेल देने वाला मजदूर बताया कि हर लीटर पर करीब 2 रूपए बचत की जाती है और महीना भर में प्रत्येक मजदूर के हिस्से में 8 हजार रुपए आता है दूसरी बात पेट्रोल पंपो पर करीब एक दर्जन सुविधा मिलने का नियम है जैसे शौचालय चोट लगने पर मरहम पट्टी फोन करने एवं बड़ी बात वाहनों में हवा भरने के लिए आदि जैसी सरकार द्वारा नियमित रूप से दी गई सुबिधा सामिल है लेकिन इन सभी नियमों को दरकिनार कर मालिक मनमानी करता है जांच मे टंकी पर लगे सीसीटीवी कैमरे और तेल भरवाने वाले लोगों से पूछताछ की जाए तो पेट्रोल पंप मलिको की पोल और भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ जाएगी

# मिशन शक्ति के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

**महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर जागरूकता को लेकर सोनभद्र पुलिस की प्रभावी पहल**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य —पर विशेष रूप से जागरूकता प्रदान की गई। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# रिहंदेश्वर धाम में भक्ति की गूंज, रामनवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) एनटीपीसी परिसर स्थित रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में नवरात्रि एवं रामनवमी का उत्सव अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। 19 मार्च को कलश स्थापना के साथ शुरू हुए नौ दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन चंडी पाठ व श्रीरामचरितमानस का नवाह परायण हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में देवी जागरण, धार्मिक परिचर्चा, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सुंदरकांड पाठ, देवी स्तुति व साहित्यिक अंताक्षरी जैसे आयोजन हुए, जिनमें श्रद्धालुओं व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में कशिश उपाध्याय व रीतिका शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं वैभव विश्वकर्मा की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। शुक्रवार को रामनवमी के दिन हवन-पूजन, कन्या पूजन एवं भव्य श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पूरा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

मुंबई। आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।' मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।

लाइफ Style

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स



अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।

हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




# 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवाइर्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गय है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



# खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

मुंबई। निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



# शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

मुंबई। कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

नई दिल्ली। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।' इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

## ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।



# मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी



मुंबई। 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

# इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

## ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



## डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जात है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

## बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री **BTS** के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

## प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापित 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

## कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

# ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

नई दिल्ली। कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

## प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे श्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़, रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

## आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

**प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़**



## शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़, जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।

## सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

## रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

## रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय** : विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़, बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूर**: रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशन**: ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़, काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआर**: जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आर आर आर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।